संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, मंगलवार 02 जून 2026 | ₹ 2 | www.actionindialive.com | Facebook.com/actionindialivee

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

एक्शन इंडिया

वर्ष: 15 अंक: 153 पृष्ठ: 08 | RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

उपराष्ट्रपति से मिले असम के मुख्यमंत्री, विभिन्न विकास योजनाओं पर की चर्चा

नई दिल्ली। असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से सोमवार को यहां उपराष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। पदभार संभालने के बाद मुख्यमंत्री की यह पहली मुलाकात है। इस दौरान असम के विकास और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की गई। उपराष्ट्रपति कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने आज उपराष्ट्रपति भवन में उपराष्ट्रपति से मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. सरमा ने कहा कि उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन से मुलाकात करके उन्हें असम के विकास की कहानी के बारे में जानकारी देते हुए सम्मानित महसूस कर रहा हूं। सार्वजनिक जीवन में विनम्रता, कड़ी मेहनत और समर्पण के प्रतीक राधाकृष्णन से मिलना हमेशा एक सीखने वाला अनुभव होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित असम की हमारी यात्रा में उनके निरंतर मार्गदर्शन की प्रतीक्षा करेंगे।

जेईई एडवांस्ड की परीक्षा में 56,880 अभ्यर्थी सफल, कट-ऑफ में 18 अंक की बढ़ोतरी, टॉप थ्री पर दिल्ली जोन के शुभम, कबीर

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रुड़की ने आज संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) एडवांस्ड-2026 का परिणाम घोषित कर दिया। इस वर्ष परीक्षा में दिल्ली जोन के शुभम कुमार ने 360 में से 330 अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। दूसरे स्थान पर दिल्ली जोन के कबीर छिल्लर रहे, जिन्होंने 329 अंक प्राप्त किए, जबकि जतिन चाहर 319 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। इस तरह शीर्ष तीनों स्थानों पर दिल्ली जोन के अभ्यर्थियों का कब्जा रहा। आईआईटी रुड़की ने परिणाम निर्धारित समय से पहले जारी करते हुए अंतिम उत्तर कुंजी भी प्रकाशित कर दी। अभ्यर्थी अपना परिणाम आधिकारिक वेबसाइट पर रोल नंबर, जन्मतिथि और पंजीकृत मोबाइल नंबर की सहायता से देख सकते हैं। इस वर्ष जेईई एडवांस्ड के लिए 1,87,389 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया। इनमें से 1,79,694 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए और 56,880 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया। सफल अभ्यर्थी अब भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में प्रवेश के लिए संयुक्त सीट आवंटन प्रक्रिया (जोसा) की काउंसिलिंग में भाग ले सकेंगे। सफल अभ्यर्थियों में 10,107 छात्राएं भी शामिल हैं। इस बार सामान्य वर्ग की कट-ऑफ 92 अंक रही, जो पिछले वर्ष की तुलना में 18 अंक अधिक है। विषयवार कट-ऑफ 8 अंक निर्धारित की गई। लगभग 31.65 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल घोषित किए गए हैं, जो पिछले वर्षों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन माना जा रहा है।

जश्न मनाया

- कट-ऑफ में 18 अंक की बढ़ोतरी, टॉप थ्री पर दिल्ली जोन के शुभम, कबीर और जतिन

जोन के आधार पर भी कई विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आईआईटी दिल्ली जोन से शुभम कुमार ने पहला स्थान प्राप्त किया। आईआईटी मद्रास जोन से मोहित शेखर शुक्ला चौथे स्थान पर रहे। आईआईटी मुंबई जोन के बी. जयकृष्ण श्रीनिवास ने छठा स्थान हासिल किया।

फास्ट न्यूज

भारत में जी नेटवर्क दिखाएगा फीफा विश्व कप के मुकाबले

नई दिल्ली। फुटबॉल प्रेमियों के लिए बड़ी खबर है। फीफा विश्व कप 2026 का प्रसारण भारत में जी नेटवर्क करेगा। जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने टूर्नामेंट के प्रसारण और डिजिटल स्ट्रीमिंग अधिकार हासिल करने की घोषणा की है।
समझौते के तहत विश्व कप के मुकाबलों का सीधा प्रसारण जी समूह के हाल ही में शुरू किए गए चार नए खेल चैनलों पर किया जाएगा, जबकि जी5 पर सभी मैचों की लाइव स्ट्रीमिंग उपलब्ध रहेगी। यह घोषणा टूर्नामेंट के शुरू होने से करीब दो सप्ताह पहले की गई है। 11 जून से 19 जुलाई तक आयोजित होने वाला यह विश्व कप अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा की संयुक्त मेजबानी में खेला जाएगा। जी समूह इससे पहले आई-लीग और उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग जैसे खेल आयोजनों का प्रसारण कर चुका है। इसी महीने कंपनी ने अपने यूनाइटेड 8 समूह के तहत चार नए खेल चैनल भी लॉन्च किए थे और इसके बाद फीफा के साथ अधिकारों को लेकर बातचीत शुरू हुई थी। जी एंटरटेनमेंट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पुनीत गोयनका ने सोमवार को एक आधिकारिक बयान में कहा, "हम दुनिया के सबसे बड़े खेल आयोजनों में से एक को भारतीय दर्शकों तक पहुंचाने के लिए उत्साहित हैं। फुटबॉल क्षेत्र और भाषा की सीमाओं से परे लोगों को जोड़ता है।"

सुप्रीम कोर्ट को पांच नए जज मिले, राष्ट्रपति ने नियुक्ति पर लगाई मुहर

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उच्चतम न्यायालय के लिए पांच जजों की नियुक्ति की है। राष्ट्रपति ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश शील नागू, बंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा और जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अरुण पल्ली और उच्चतम न्यायालय में प्रैक्टिस कर रहीं वरिष्ठ वकील वी मोहन को उच्चतम न्यायालय का जज नियुक्त किया है।

आधारभूत परियोजनाओं लागू करने तथा व्यापार और द्विपक्षीय सहयोग में बढ़ोतरी का भी फैसला किया गया

भारत-म्यांमार में आर्थिक, सुरक्षा सहयोग पर बनी सहमति

वार्ता

- भारत के सुरक्षा हितों के खिलाफ उसकी भूमि का उपयोग नहीं होने दिया जाएगा: म्यांमार

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली। भारत और म्यांमार ने दोनों देशों के बीच आर्थिक और सुरक्षा सहयोग तथा संपर्क सुविधाओं के विस्तार पर सहमति व्यक्त की है। आधारभूत परियोजनाओं लागू करने तथा व्यापार और द्विपक्षीय सहयोग में बढ़ोतरी का भी फैसला किया गया। इसके साथ ही पड़ोसी देश की ओर से आश्वासन दिया गया है कि भारत के सुरक्षा हितों के खिलाफ उसकी भूमि का उपयोग नहीं होने दिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और म्यांमार के राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग के बीच सोमवार को दिल्ली के हैदराबाद हाउस में व्यापक द्विपक्षीय वार्ता हुई। चर्चा में व्यापार, निवेश, रक्षा, सुरक्षा, सीमा प्रबंधन, विकास सहयोग, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और क्षेत्रीय स्थिति पर विचार-विमर्श किया गया। दोनों देशों ने स्वास्थ्य, शिक्षा, ऊर्जा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और अंतरिक्ष क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई।
दोनों पक्षों ने लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने के लिए कनेक्टिविटी को महत्वपूर्ण माना। इसके तहत कलादान मल्टी-मॉडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट को शीघ्र पूरा करने और भारत-म्यांमार-थाईलैंड त्रिपक्षीय राजमार्ग के कालेवा-यागी खंड के जल्द निर्माण पर भी बल दिया गया। वार्ता के बाद विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने मंत्रालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग की आधिकारिक यात्रा ने म्यांमार और भारत के बीच दीर्घकालिक मित्रता और घनिष्ठ साझेदारी की पुष्टि की और दोनों देशों के पारस्परिक लाभ के लिए सहयोग को और मजबूत करने की दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाया। राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग ने भारत में अपने प्रवास के दौरान उन्हें और उनके प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को दिए गए गर्मजोशी भरे आतिथ्य के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।
राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आपसी सहमति से तय की गई तारीखों पर म्यांमार आने का निमंत्रण भी दिया।

पारस्परिक लाभकारी आर्थिक संबंध और साझा समृद्धि को बढ़ावा मिलेगा: पीएम मोदी

प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि बेहतर संपर्क व्यवस्था से क्षेत्र में पारस्परिक लाभकारी आर्थिक संबंध और साझा समृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री ने पुष्टि की कि भारत, म्यांमार के एक दृढ़ और विश्वसनीय सहयोगी के रूप में दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग को गहरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।
वहीं विदेश सचिव के अनुसार भारत ने म्यांमार की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के प्रति अपना समर्थन दोहराया है। वहीं म्यांमार के राष्ट्रपति ने आश्वासन दिया कि म्यांमार की भूमि का इस्तेमाल भारत-विरोधी गतिविधियों के लिए नहीं होगा।
उन्होंने कहा कि म्यांमार भारत का पड़ोसी देश है, जिसके साथ 1,643 किलोमीटर लंबी सीमा साझा होती है।
यह भारत की नेबरहुड फर्स्ट, एक्ट ईस्ट, महासागर और इंडो-पैसिफिक नीतियों के केंद्र में स्थित है।

द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों की समीक्षा की

भारत आगमन से पहले म्यांमार के राष्ट्रपति ने महाबोधि मंदिर, महाबोधि धम्मईखा मठ और सुजाता मंदिर का दौरा किया। यह यात्रा दोनों देशों के गहरे बौद्ध, धार्मिक और जन-जन के संबंधों को दर्शाती है। संयुक्त वक्तव्य के अनुसार भारत के प्रधानमंत्री और म्यांमार के राष्ट्रपति ने वार्ता में पारस्परिक हित के द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों की समीक्षा की और संबंधों के लिए आगे की राह तय की। राष्ट्रपति के साथ अपनी बातचीत में प्रधानमंत्री ने कहा कि म्यांमार भारत की पड़ोसी प्रथम, एक्ट ईस्ट और महासागर (क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए पारस्परिक और समग्र उन्नति) नीतियों के संगम पर स्थित है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री ने अतिथि के सम्मान में दोपहर के भोजन का आयोजन किया। वार्ता के बाद शाम को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने म्यांमार के राष्ट्रपति का स्वागत किया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में म्यांमार के राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग का स्वागत किया। राष्ट्रपति मुर्मु ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, भारत-म्यांमार के बीच की साझा बौद्ध विरासत सदियों पुराने आपसी संबंधों को एक अनोखी गर्मजोशी प्रदान करते हैं।

फिर महंगा हुआ कमर्शियल गैस सिलेंडर, घरेलू सिलेंडर के भाव में बदलाव नहीं

नई दिल्ली। देश की ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने एलपीजी सिलेंडर की कीमत में एक बार फिर बढ़ोतरी करने का ऐलान किया है। हालांकि कीमत में की गई ये वृद्धि सिर्फ 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर और पांच किलोग्राम वाले छोटू सिलेंडर तक ही सीमित है। घरेलू इस्तेमाल में आने वाले 14.2 किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर की कीमत में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 42 रुपये से लेकर 53.50 रुपये तक की बढ़ोतरी की है। सिलेंडर की नई कीमत लागू हो गई है। इससे पहले पिछले महीने की पहली तारीख यानी एक मई को कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में लगभग एक हजार रुपये की बढ़ोतरी की गई थी। दिल्ली में ये बढ़ोतरी 993 रुपये की थी, जबकि कोलकाता में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 998.50 रुपये हो गई थी।

टीएमसी विधायकों पर भाजपा जॉइन करने का दबाव: ममता बनर्जी

टीम एक्शन इंडिया

कोलकाता: बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को फेसबुक पर वीडियो मैसेज जारी कर भाजपा और पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पुलिस टीएमसी विधायकों पर पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने का दबाव बना रही है।
ममता ने दावा किया कि कुछ विधायकों और सांसदों को डराने-धमकाने या रिश्वत देकर टीएमसी को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने आगे कहा- जो लोग टीएमसी छोड़कर गए हैं, उनके जाने से पार्टी का भला ही हुआ है। ममता का वीडियो मैसेज टीएमसी के भीतर टूट की खबरों के बीच आया है। पार्टी ने आज अपने दो विधायकों संदीपन साहा और ऋतब्रत बनर्जी को पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में निष्कासित किया है। दोनों पर पार्टी के खिलाफ बयान देने और बैठकों से दूर रहने के आरोप हैं। टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी के साथ जिस तरह का व्यवहार किया गया, वह चौंकाने वाला है। बेले व्यू अस्पताल के डॉक्टरों को बुलाया गया, लेकिन उन्हें इलाज नहीं करने के निर्देश दिए गए। यह कैसा अजीब और तानाशाही रवैया है? बेले व्यू अस्पताल के लोग पहले मेरे पैर छूते थे। आपके बिड़ला और लोढ़ा परिवारों से करीबी संबंध और कारोबारी रिश्ते थे, और आप उनके सामने झुकते थे। हमारे मेयर ने सारी व्यवस्था संभाली थी। छह महीने पहले ही हमने अपोलो अस्पताल का लाइसेंस रिन्यू किया था।

जीएसटी राजस्व संग्रह मई में 3.2 फीसदी बढ़कर 1.94 लाख करोड़ रुपये के पार

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली। देश के वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मई महीने में जीएसटी राजस्व संग्रह 3.2 फीसदी बढ़कर 1.94 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। पिछले साल मई में सकल जीएसटी राजस्व संग्रह 1.88 लाख करोड़ रुपये रहा था। जीएसटी महानिदेशालय ने सोमवार को आंकड़ों में बताया कि जीएसटी राजस्व संग्रह में यह वृद्धि वस्तुओं एवं सेवाओं की आपूर्ति में सुधार तथा आयात मिलने वाले कर संग्रह में लगातार बढ़ोतरी के कारण हुई है। आंकड़ों के अनुसार मई के दौरान घरेलू लेन-देन से केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) संग्रह 37,397 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी (एसजीएसटी) 45,143 करोड़ रुपये और एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) 51,990 करोड़ रुपये रहा।

मुख्यमंत्री ने बैठक में 16 में से 13 मामलों का किया समाधान

टीम एक्शन इंडिया

गुरुग्राम। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अधिकारी जन शिकायतों के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। सरकार की प्राथमिकता आम नागरिकों को त्वरित राहत प्रदान करना है, इसलिए प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से परीक्षण कर निर्धारित समय सीमा में उसका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी जनता के साथ संवाद बनाए रखें और समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक एवं जवाबदेह दृष्टिकोण अपनाएं, ताकि लोगों को सरकारी कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें और प्रशासनिक व्यवस्था अधिक प्रभावी एवं जनहितकारी बन सके। मुख्यमंत्री सोमवार को गुरुग्राम में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में कुल 16 परिवाद रखे गए, जिनमें से मुख्यमंत्री ने 13 का मौके पर ही निपटारा किया, जबकि तीन मामलों को आगामी बैठक तक लंबित रखने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई

- सीएम नायब सिंह सैनी बोले, सडक सुधार कार्यों में समन्वय से कार्य करें सभी विभाग

पेपर लीक से ध्वस्त हो रही शिक्षा व्यवस्था, युवाओं का भविष्य संकट में: पवन खेड़ा

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली: कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर शिक्षा व्यवस्था को ध्वस्त करने का आरोप लगाया है। पार्टी का कहना है कि देश में लगातार विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे लाखों युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है और कई छात्र मानसिक दबाव में आत्महत्या जैसे गंभीर कदम उठाने को मजबूर हो रहे हैं। पार्टी के मीडिया विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने सोमवार को यहां कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि देश में लगातार पेपर लीक की घटनाएं हो रही हैं और कई परीक्षाओं में अनियमितताओं के चलते युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है।

एचपी-रेडी परियोजना से आपदा तैयारी, न्यूनीकरण और पुनर्वास प्रणाली होगी मजबूत

मुख्यमंत्री ने राहत केंद्रित से प्रतिरोध केंद्रित प्रशासन अपनाने पर दिया बल

टीम एक्शन इंडिया
पंकज शर्मा

शिमला। प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती घटनाओं और इनसे उत्पन्न गंभीर खतरों को ध्यान में रखते हुए जन सुरक्षा एवं प्रभावी आपदा प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार सक्षम व प्रतिरोधी अधोसरंचना के निर्माण की दिशा में कार्य कर रही है। इस क्रम में सरकार ने 2,688 करोड़ रुपये की "हिमाचल प्रदेश रेजिलिएंट एक्शन फॉर डेवलपमेंट एंड डिजास्टर रिकवरीइज़ (एचपी-रेडी) परियोजना शुरू की है, इसका उद्देश्य प्रदेशभर में आपदा-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना है।



यह परियोजना जनवरी 2026 से नवंबर 2030 तक लागू की जाएगी और इसमें आपदा से निपटने की तैयारी, आपदा न्यूनीकरण तथा पुनर्वास तंत्र को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। ग्लोबल वार्मिंग के कारण उत्पन्न परिस्थितियों से पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश सर्वाधिक प्रभावित है और प्रदेश प्राकृतिक आपदाओं के प्रति अत्यंत संवेदनशील है। पिछले तीन वर्षों में राज्य में 66 से अधिक बादल फटने की घटनाएं, 234 भूस्खलन और 121 फ्लैश फ्लड की घटनाएं दर्ज की गई हैं। इन आपदाओं से बड़ी संख्या में जन हानि हुई है तथा सार्वजनिक अवसंरचना और निजी संपत्ति को करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है। इसके अतिरिक्त आपदा के कारण सामान्य जनजीवन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।
एचपी-रेडी परियोजना के तहत आपदा प्रभावित सार्वजनिक अधोसंरचना जैसे परिवहन नेटवर्क, पेयजल योजनाएं, स्वच्छता प्रणालियां तथा विद्युत अवसंरचना इत्यादि को पुनर्स्थापित और सुदृढ़ किया जाएगा।
परियोजना का उद्देश्य आजीविका और रोजगार के अवसरों को सृजित करना तथा आपदा जोखिम वित्तपोषण और इंश्योरेंस के लिए एक व्यापक प्रणाली विकसित करना है। इसके अतिरिक्त, आपदा प्रबंधन के दृष्टिगत संस्थागत क्षमता निर्माण और मजबूत वित्तीय तंत्र को विकसित करने पर भी बल दिया जाएगा।
परियोजना के अंतर्गत प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों को मजबूत करने, आपदा-रोधी अवसंरचना के निर्माण एवं प्रोत्साहन, वैज्ञानिक भू-उपयोग योजना अपनाने तथा तकनीक, पारंपरिक ज्ञान और विभिन्न विभागों के समन्वय के माध्यम से सामुदायिक तैयारी को बेहतर बनाने पर विशेष बल दिया जाएगा।

अधोसंरचना

- राज्य सरकार सक्षम व प्रतिरोधी अधोसरंचना के निर्माण की दिशा में कार्य कर रही

भाजपा के पदाधिकारियों की बड़ी बैठक, संगठन के व्यापक विस्तार पर मंथन

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संगठनात्मक बदलावों और आगामी चुनावों की तैयारियों पर मंथन के लिए सोमवार को पार्टी के प्रमुख पदाधिकारियों की मैराथन बैठक चल रही है। भाजपा के विस्तार कार्यालय में करीब ढाई बजे शुरू हुई बैठक की अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन कर रहे हैं। बैठक में सभी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, महामंत्री संगठन बीएल संतोष, महामंत्री विनोद तावड़े, राधा मोहन अग्रवाल, तरुण चुग, सभी राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष मौजूद हैं। इस बैठक के मुख्य बिंदु केंद्र में सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रमों और जनसंपर्क अभियानों की रूपरेखा तैयार करना, बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने और विभिन्न राज्यों में पार्टी की गतिविधियों का आकलन और आगामी चुनावों की तैयारियों एवं संगठनात्मक बदलावों पर विस्तृत मंथन करना है बैठक से बाहर आते हुए भाजपा प्रवक्ता डॉ. संबित पात्रा ने मीडिया को बताया कि पार्टी पदाधिकारियों की बैठक पार्टी के विस्तार कार्यालय में आयोजित की जा रही है। बैठक की अध्यक्षता नितिन नवीन कर रहे हैं। बैठक में केंद्र सरकार 12 वर्ष पूरे होने और उल्लेखनीय कार्यों को जनता तक ले जाने पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है।

उत्तर भारत

ACTION INDIA

ऊना, 02 जून 2026

दैनिक एक्शन इंडिया

http:// www.actionindialive.com

दोस्ती की आड़ में छुरेबाजी स्वीकार्य नहीं: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

मुख्यमंत्री ने पाकिस्तान से विस्थापित 1645 परिवारों एवं पूर्व सैनिकों/ लीजधारकों को वितरित किए भूमिधरी अधिकार पत्र, *मौलवी-मौलाना हमें न बताएं, गाय हमारी माता है, जन्म-जन्मांतर का नाता है, गाय को पशु बोलने वाले मौलानाओं की बुद्धि पशु वाली: मुख्यमंत्री, गोमाता के साथ हिमाकत करने वाले चेलों को समझाएं, वरना ऐसी दुर्गति होगी कि कई पीढ़ियां याद करेंगी: सीएम

दो टूक

गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करो। हम उन्हें बता दें कि गाय हमारी माता है, जन्म-जन्मांतर का नाता है: सीएम

टीम एक्शन इंडिया

बिजनौर: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को गाजियाबाद की घटना पर सख्त रुख अपनाते हुए दो-टूक कहा कि दोस्ती की आड़ में छुरेबाजी कतई स्वीकार्य नहीं है। जो अपनी नालायक औलाद को समझा नहीं पा रहा है, वह गलती कर रहा है। कुछ मौलवी-मौलाना बयान दे रहे हैं कि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करो। हम उन्हें बता दें कि गाय हमारी माता है, जन्म-जन्मांतर का नाता है। माता-पुत्र के बीच कुछ भी घोषित करने की आवश्यकता नहीं। किसी पुत्र को यह बताने की आवश्यकता नहीं है कि मां का सम्मान करो। हम मां और गाय दोनों के प्रति एक जैसा सम्मान का भाव रखते हैं। पशुवत तुम्हारी बुद्धि व सोच है, जो हमारी गोमाता को पशु बोलते हो। यह तुम्हारा दोगलापन है, जो गोकशी को प्रश्रय देते हो। सीएम ने कड़ी चेतावनी दी कि सोशल मीडिया पर गोमाता का चित्र लगाकर बकरीद की बधाई देने वाले अपने चेलों को समझा लो कि गोमाता के साथ हिमाकत की तो ऐसी दुर्गति होगी कि कई पीढ़ियां याद करेंगी। यूपी में गोहत्या का मतलब तो तुम जान ही रहे हो। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिजनौर में कई परिवारों के जीवन में खुशियों की नई रोशनी फैलाई। उन्होंने पाकिस्तान से विस्थापित 1645 परिवारों एवं पूर्व सैनिकों/लीजधारकों को भूमिधरी अधिकार पत्र वितरित किए।

बिजनौर ने इतिहास बनते और बिगड़ते भी देखा

महात्मा विदुर की पावन धरती बिजनौर को नमन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह महाभारत की धरती है। महाभारत से हमें प्रेरणा मिलती है कि जो धर्म की रक्षा करता है, धर्म उसकी रक्षा करता है। जो स्वार्थ के लिए धर्म को नष्ट करता है, धर्म उसे भी नष्ट कर डालता है। यह उद्घोषणा दुनिया में अक्षरशः साबित हो रही है। यह भारत के इतिहास को बनाने वाली धरा है।

पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश सिंह का स्मरण किया

सीएम योगी ने पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश सिंह का स्मरण करते हुए कहा कि उनकी विरासत को कुंवर सुशांत सिंह संभाल रहे हैं। पाकिस्तान से विस्थापित हजारों परिवारों, जिनकी पुश्तैनी संपत्ति पर पाकिस्तान की मजहबी कट्टरता ने 1946, 47 व 48 में जबरन कब्जा कर निर्दोष हिंदुओं व सिखों का कत्लेआम किया था। वर्ष-दशक बीतते गए, आज चौथी पीढ़ी में यह अवसर आया है, जब हम विस्थापित परिवारों को जमीन पर मालिकाना हक दे रहे हैं। अभी 1645 विस्थापित परिवारों यानी 8-10 हजार लोगों को जमीन के कागज प्राप्त हो रहे हैं। जो शेष हैं, उनके लिए भी कार्यवाही चल रही है।

कोई आक्रांता हमें न बताए, गाय व गंगा हमारी मां हैं

सीएम योगी ने कहा कि गोमाता राष्ट्रमाता हैं। इसी तरह हमारी मां गंगा के बारे में परिचय देने की आवश्यकता नहीं है। हम सब गंगा मां की आरती व पूजा करते हैं। अपने को गंगा पुत्र मानकर सम्मानित महसूस करते हैं। हमारे तीर्थ गंगा तट पर हैं, हमारे सभी संस्कार मां गंगा के तट पर संपन्न होते हैं। कोई आक्रांता हमें न बताए, हमारे संस्कार हैं कि हमने गाय व गंगा को माता माना है।

मजहबी निर्ममता के विरोध में नहीं निकलती मौलाना की आवाज

सीएम ने कहा कि पाकिस्तान में मजहबी निर्ममता के शिकार बने विस्थापितों के बारे में मौलाना व मौलवी की कभी आवाज नहीं निकली। काश, वे बोलते कि इनकी संपत्ति को वहां कट्टरपंथियों ने हड़प लिया।

'किसी मौलाना ने हिंदुओं के कत्लेआम पर मुंह नहीं खोला'

सीएम ने कहा कि वक्फ के नाम पर यहां हिंदूओं की जमीनों पर कब्जा है। ये लोग इन संपत्तियों को विस्थापितों को फ्री में देने की घोषणा करते तो हम मानते कि इनकी भी कुछ संवेदना है। मुंह में कुछ और पीछे कुछ, यही दोगला चरित्र होता है।

सीएम योगी ने खरी-खरी सुनाते हुए कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के कत्लेआम पर एक भी मौलवी-मौलाना ने कुछ नहीं कहा। बांग्लादेश में हिंदू 22 फीसदी से घटकर 7 और पाकिस्तान में 14 से घटकर महज 2 प्रतिशत रह गया। मौलाना पाकिस्तान या बांग्लादेश की सरकारों की निंदा नहीं करते। ये मौलाना जुमे की नमाज में यही घोषणा कर देते कि पाकिस्तान भारत का दुश्मन है और घटिया स्तर पर काम कर रहा है। भारत के बहादुर जवान दुश्मन के ठिकाने पर जाकर उन्हें सबक सिखाने का ठीक काम कर रहे हैं। लेकिन, किसी मौलवी-मौलाना ऐसा नहीं किया। सीएम ने बकरीद पर होने वाली हरकतों पर भी प्रहार किया। उन्होंने कहा कि गनीमत है कि सरकार ने पहले से ही कदम उठाए हैं, तब त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से हो पा रहे हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पहले रामनवमी, जन्माष्टमी, दुर्गा पूजा, कांवड़ यात्रा सपना हो गई थी। बेटी स्कूल नहीं जा पा रही थी, जबकि व्यापारी असुरक्षित था।

खाद्य मंत्री दयालदास बघेल की अध्यक्षता में मंत्री मण्डलीय उप समिति की बैठक सम्पन्न

धान खरीद

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के धान निष्पादन और आगामी सीजन में धान खरीदी की तैयारियों को लेकर हुई चर्चा

टीम एक्शन इंडिया

रायपुर: खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री दयालदास बघेल की अध्यक्षता में आज मंत्रालय महानदी भवन में मंत्री मण्डलीय उप समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में समिति के सदस्यगण कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिक मंत्री श्री रामविचार नेताम, वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शामिल हुए। उप मंत्रीमण्डलीय समिति के बैठक में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान के निष्पादन एवं कस्टम मिलिंग तथा आगामी खरीफ सीजन में धान खरीदी के तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में खाद्य विभाग की सचिव श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले, वित्त विभाग के सचिव रोहित यादव, सहकारिता विभाग के सचिव डॉ. सी.आर.प्रसन्ना, मार्कफेड के एमडी जितेन्द्र शुक्ला, मंडी बोर्ड के एमडी श्री महेन्द्र सिंह सवन्नी सहित अन्य संबंधित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

ट्राई ने पंजाब में जांचा मोबाइल नेटवर्क, जियो, एयरटेल रहे आगे

स्पीड टेस्ट

बठिंडा में जियो की औसत डाउनलोड स्पीड 198.27 एमबीपीएस और एयरटेल की 151.88 एमबीपीएस दर्ज की गई

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने पंजाब के बठिंडा, श्रीमुक्तसर साहिब शहर और अमृतसर से बठिंडा रेल मार्ग पर मोबाइल नेटवर्क गुणवत्ता की जांच की। इसमें जियो और एयरटेल का प्रदर्शन सबसे बेहतर रहा, जहां बठिंडा में जियो की औसत डाउनलोड स्पीड 198.27 एमबीपीएस और एयरटेल की 151.88 एमबीपीएस दर्ज की गई। केंद्रीय संचार मंत्रालय ने बताया कि इन परीक्षणों में कॉल सेटअप सफलता दर, कॉल ड्रॉप दर, कवरेज, डेटा डाउनलोड और अपलोड स्पीड जैसे प्रमुख मानकों को परखा गया। परीक्षण के दौरान सभी कंपनियों के सिम कार्ड से 2जी, 3जी, 4जी और 5जी नेटवर्क पर कॉल और डेटा सेशन चलाए गए और उन्नत उपकरणों से उनकी निगरानी की गई। बठिंडा शहर में एयरटेल और जियो का नेटवर्क सबसे बेहतर पाया गया, जहां कॉल ड्रॉप दर लगभग शून्य रही और डेटा डाउनलोड स्पीड क्रमशः 151.88 एमबीपीएस और 198.27 एमबीपीएस दर्ज की गई। वहीं बीएसएनएल का प्रदर्शन कमजोर रहा, जहां कवरेज गैप और कॉल ड्रॉप की समस्या अधिक दिखी। वोडाफोन आइडिया की औसत डाउनलोड स्पीड 34.07 एमबीपीएस रही।

महिला सशक्तिकरण और मातृ-शिशु कल्याण योजनाओं से बदल रही जिंदगी: मुख्यमंत्री विष्णुदेव

टीम एक्शन इंडिया

रायपुर: मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज कोंडागांव जिले के ग्राम बड़ेकनेरा में महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद कर उनके जीवन में आए सकारात्मक बदलावों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने महिलाओं, बच्चों, किशोरियों और स्व-सहायता समूहों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभ प्रदान करते हुए कहा कि राज्य सरकार महिलाओं और बच्चों के सशक्तिकरण, सुरक्षित मातृत्व, पोषण और आत्मनिर्भरता को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि शासन की योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य केवल आर्थिक सहायता देना नहीं, बल्कि लोगों के जीवन में स्थायी सकारात्मक परिवर्तन लाना है। उन्होंने कहा कि जब किसी योजना का लाभ सीधे व्यक्ति के जीवन में बदलाव लाता है, तभी सुशासन का उद्देश्य सार्थक होता है।

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से सुरक्षित मातृत्व को मिला बल

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की हितग्राही श्रीमती मनिता मरकाम और श्रीमती खेमलता कोर्राम को लाभान्वित किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गर्भवती महिलाओं को समय पर पोषण, स्वास्थ्य सेवाएं और चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि यह योजना

पर्नोड रिकार्ड इंडिया ने रॉयल स्टैग बैरल सिलेक्ट रिजर्व व्हिस्की लॉन्च की,एक नया और अनोखा वैरिएंट

टीम एक्शन इंडिया

सोलनः 2026,पर्नोड रिकार्ड इंडिया के रॉयल स्टैग बैरल सिलेक्ट ने अपने नए वैरिएंट रॉयल स्टैग बैरल सिलेक्ट रिजर्व व्हिस्की के लॉन्च की घोषणा की है।यह नया उत्पाद उन खास ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है,जो हर घूंट में अलग पहचान,गहराई और बेहतरीन अनुभव की तलाश करते हैं।यह नया वैरिएंट भारतीय व्हिस्की में उत्कृष्टता और नवाचार के प्रति ब्रांड की निरंतर प्रतिबद्धता को दशार्ता है।इस नए वैरिएंट में लंबी और आकर्षक बोतल दी गई है,जो प्रीमियम लुक और एलिगेंस का एहसास कराती है।इसके साथ एक प्रीमियम क्लियर-ऑन-क्लियर लेबल दिया गया है,जो इस श्रेणी में पहली बार पेश किया गया है।इस नए उत्पाद को मास्टर ब्लेंडर केविन बाल्मफोर्थ का समर्थन प्राप्त है,जो इसकी गुणवत्ता और विशेषज्ञता को और मजबूत बनाता है।ट्रिपल सिलेक्ट प्रॉमिस की गारंटी के साथ तैयार की गई रॉयल स्टैग बैरल सिलेक्ट रिजर्व व्हिस्की में तीन बेहतरीन विशेषताओं का समावेश किया गया है।

गडकरी ने आंध्र प्रदेश की 8,512 किमी परियोजनाओं की समीक्षा की

सड़क सुरक्षा

बारिश के दौरान यातायात में व्यवधान कम हो और सड़क सुरक्षा व टिकाऊपन सुनिश्चित किया जा सके।

टीम एक्शन इंडिया

नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को आंध्र प्रदेश की 8,512 किमी लंबी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की गुणवत्ता और रखरखाव की समीक्षा की। यह समीक्षा मीडिया और सोशल मीडिया से प्राप्त सुझावों के आधार पर की गई। मंत्रालय ने बताया कि सोमवार को यहां हुई बैठक में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी और परियोजना ठेकेदार शामिल हुए। गडकरी ने बैठक में समयबद्ध कार्यान्वयन, सख्त गुणवत्ता मानकों का पालन और आधुनिक निर्माण तकनीकों को अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इससे राजमार्गों की आयु बढ़ेगी, संपर्क सुगम होगा, आर्थिक विकास को गति मिलेगी और यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित होगी।

केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों को व्यापक मानसून तैयारी के निर्देश भी दिए।

इसमें निवारक उपाय, प्रभावी जल निकासी प्रबंधन और मजबूत प्रतिक्रिया प्रणाली शामिल हैं, ताकि बारिश के दौरान यातायात में व्यवधान कम हो और सड़क सुरक्षा व टिकाऊपन सुनिश्चित किया जा सके।

रीमा सोनी का जोरदार स्वागत किया

टीम एक्शन इंडिया

सिरसा (रणबीर खटक)

उकलाना नगरपालिका की नवनिर्वाचित चेयरमैन रीमा सोनी वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्व. पंडित होशियारी लाल शर्मा के कार्यालय पहुंची। यहां पहुंचने पर स्व. शर्मा के पुत्र प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा और राजेश शर्मा ने रीमा सोनी का जोरदार स्वागत किया। शर्मा परिवार ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया। इस दौरान राजकुमार शर्मा ने कहा कि हाल ही में संपन्न हुए नगरपालिका चुनाव में रीमा सोनी की ऐतिहासिक जीत ने यह साबित कर दिया है कि लोकतंत्र में सबसे बड़ी ताकत जनता की होती है। उन्होंने कहा कि चुनाव में सत्ताधारी भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी थी। भाजपा के तमाम बड़े नेताओं ने उकलाना में डेरा डाल लिया था।

बावजूद इसके उकलाना की जागरूक जनता ने किसी बहकावे में ना आते हुए युवा रीमा सोनी को विजयी रथ पर बिठाकर भाजपा को करारा जवाब दिया। राजकुमार शर्मा ने रीमा सोनी को कलम भेंट की। उन्होंने कहा कि यह कलम उकलाना क्षेत्र के विकास और जनसेवा की जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस कलम के माध्यम से रीमा सोनी उकलाना में व्याप्त समस्याओं का एक-एक कर समाधान करेंगी और क्षेत्र को एक स्मार्ट व आदर्श नगर के रूप में विकसित करेंगी। रीमा सोनी के पिता जी महेंद्र सोनी पूर्व पार्षद और माता जी श्रीमती मलाइका सोनी थे रीमा सोनी ने शर्मा परिवार का आभार जताया और आश्वासन दिया कि वे उकलाना क्षेत्र के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी ईमानदारी से कार्य करेंगी। इस मौके पर देवेंद्र सोनी, प्रदीप सैनी, विशाल सोनी,शेखर सोनी, मिंकू सरदार, राजकुमार चंदा,मोहन खत्री, संदीप गर्ग,विशाल गर्ग, नीरज सोनी आदि मौजूद रहे

स्वागत

नगरपालिका चुनाव में रीमा सोनी की ऐतिहासिक जीत ने यह साबित कर दिया है कि लोकतंत्र में सबसे बड़ी ताकत जनता की होती है।

19 प्रकरणों पर की गई सुनवाई, 11 प्रकरणों में सुनवाई पूर्ण- आदेश जारी करने के निर्देश

प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में प्रमाणीकरण छानबीन समिति की हुई बैठक

टीम एक्शन इंडिया

रायपुरः आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा की अध्यक्षता में आज उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के सभाकक्ष, नवा रायपुर में संपन्न हुई। बैठक में कुल 19 प्रकरणों की समीक्षा एवं सुनवाई की गई, जिसमें कुल 07 प्रकरण सुनवाई हेतु रखे गये एवं 12 प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत किये गए। सुनवाई हेतु रखे गए कुल 07 प्रकरणों में से 04 प्रकरणों पर सुनवाई पूर्ण कर आदेश जारी करने के निर्देश दिए गए, 02 प्रकरणों पर पुनः अवसर प्रदान करने एवं 01 प्रकरण पर पुनः सोशल स्टेटस प्रस्तुत करने हेतु विजिलेंस टीम को निर्देशित किया गया। बैठक में आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास डी. राहुल वेंकट (सदस्य), संचालक, आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान श्रीमती हिना अनिमेष नेताम (सदस्य सचिव), संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय ऋतुराज रघुवंशी (सदस्य), संचालक, भू अभिलेख, विनीत नंदनवार, संयुक्त संचालक, टीआरटीआई श्रीमती गायत्री नेताम (प्रभारी अधिकारी, जाति जांच प्रकोष्ठ),

श्रीमती रमा उइके (सदस्य) सहित जाति जाँच प्रकोष्ठ के एमानुअल लकड़ा (डीएसपी), जितेन्द्र गुप्ता एवं श्रीमती अंजनी भगत इत्यादि उपस्थित थे। समिति के विचारार्थ रखे गए कुल 12 प्रकरणों में से 02 प्रकरणों पर गुण-दोष के आधार पर एवं 05 प्रकरणों पर सकारात्मक विजिलेंस रिपोर्ट के आधार पर आदेश जारी करने के निर्देश दिए गए। राष्ट्रीय जनजाति आयोग से प्राप्त 01 प्रकरण (55 बैगा) पर गौरेला-पैण्ड्रा-मरवाही एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मस्तुरी, दोनों जिलों के सहायक आयुक्त एवं उच्चस्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति के विजिलेंस सेल द्वारा संयुक्त रूप से प्रकरणों की गहन जांच हेतु संबंधित जिलों में परिभ्रमण कर मिसल अभिलेख, वंशावली, एवं सोशल स्टेटस का सत्यापन/परीक्षण किये जाने के निर्देश दिए गए जबकि शेष 04 प्रकरणों पर समिति द्वारा सुनवाई हेतु अवसर प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया। सबसे महत्वपूर्ण कि उक्त 12 में से दो प्रकरणों में वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से सुनवाई का अवसर प्रदान किया गया। विभाग द्वारा किया जा रहा यह प्रयास निश्चित ही समान न्याय एवं प्रक्रियागत पारदर्शिता को दर्शाता है। उल्लेखनीय है कि उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति द्वारा नियमित अंतराल में बैठक आयोजित कर जाति प्रमाण पत्र एवं सामाजिक प्रस्थिति से संबंधी प्रकरणों का निपटारा किया जा रहा है।

माननीय सर्वोच्च न्यायालय तथा उच्च न्यायालय से संबद्ध प्रकरणों पर भी नियमानुसार पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से सुनवाई कर प्रकरणों का शीघ्र निपटारा किया जा रहा है। आज की बैठक में बड़ी संख्या में पक्षकार एवं अधिवक्ता अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु उपस्थित हुए।

राज्यपाल ने एनसीसी माउंट दियो टिब्बा अभियान-2026 को झंडी दिखाकर किया रवाना

अनुशासन

» एनसीसी चरित्र निर्माण, नेतृत्व, देशभक्ति और अनुशासन का प्रतीक : राज्यपाल

टीम एक्शन इंडिया

शिमला। राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने आज लोक भवन, से राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के माउंट दियो टिब्बा अभियान-2026 को झंडी दिखाकर रवाना किया। यह हिमालयी पर्वतारोहण अभियान पर जाने वाले कैडेटस एवं स्टाफ के लिए आयोजित औपचारिक समारोह था।

राज्यपाल ने इस अवसर पर कैडेटस को संबोधित करते हुए उन्हें साहस, अनुशासन और टीम भावना की उत्कृष्ट परंपराओं को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि साहसिक गतिविधियां युवाओं में आत्मविश्वास, सहनशक्ति, नेतृत्व क्षमता तथा दृढ़ संकल्प की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

कविन्द्र गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) चरित्र निर्माण, नेतृत्व क्षमता, देशभक्ति और अनुशासन का प्रतीक है। यह युवाओं में जिम्मेदार नागरिक बनने व नेतृत्व की भावना का विकास करता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अभियान और गतिविधियों में भाग लेने वाले प्रतिभागी फिटनेस, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रसेवा के प्रेरक दूत बनकर उभरते हैं। उन्होंने कहा कि साहसी, अनुशासित और समर्पित युवा ही विकसित भारत की सशक्त नींव हैं।

राज्यपाल ने कहा कि माउंट दियो टिब्बा अभियान में भाग ले रहे कैडेटस देश की युवा शक्ति की अपार क्षमता और सामर्थ्य का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उनका समर्पण, दृढ़ संकल्प और कठिन परिश्रम अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने अभियान दल को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह चुनौतीपूर्ण अभियान उनके साहसिक जज्बा, आत्मविश्वास और विपरीत परिस्थितियों से जूझने की क्षमता को और अधिक मजबूत करेगा।

6,001 मीटर की ऊंचाई तक संचालित होने वाला माउंट दियो टिब्बा अभियान एनसिसी के प्रमुख पर्वतारोहण अभियानों में से एक है। इस दल में देशभर से कठोर चयन प्रक्रिया और विशेष प्रशिक्षण के बाद चुने गए कैडेटस शामिल हैं। इन कैडेटस को अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण एवं संबद्ध खेल संस्थान (एबीवीआईएमएएस), सोलंग वैली में प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

ल्यूमिनस पॉवर टेक्नोलॉजी गगरेट के लिए साक्षात्कार 4 व 5 को

राजन पुरी

ऊना। ल्यूमिनस पॉवर टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड यूनिट-1 और 4 राम नगर, गगरेट के लिए पुरुष वर्ग में 50 पदों के लिए अप्रेंटिसेज की आवश्यकता है। साक्षात्कार 4 जून को सुबह 10.30 जिला रोजगार कार्यालय ऊना और 5 जून को उप रोजगार कार्यालय अंब में आयोजित किया जाएगा।

यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 12वीं, आइटीआई एवं डिप्लोमा होना अनिवार्य है। आयु सीमा 19 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है। वहीं, 12वीं पास के लिए 12,750 रूपये, आइटीआई पास के लिए 13,250 रुपये तथा डिप्लोमा धारक के लिए 14,250 रूपये प्रतिमाह स्टाइपेंड प्रदान किया जाएगा।

शिमला पुलिस का बड़ा एक्शन, पंजाब से दबोचा चिट्टा-आईस सप्लायर

नशा

» 196 ग्राम हेरोइन और 47 ग्राम आईस (मेथामफेटामाइन) बरामद

टीम एक्शन इंडिया

शिमला। शिमला पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस थाना ढली में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के एक मामले की जांच के दौरान पुलिस ने पंजाब से नशा तस्करी नेटवर्क के एक प्रमुख सप्लायर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से भारी मात्रा में चिट्टा, आईस और नकदी बरामद की गई है। मामले में अब तक कुल 196 ग्राम हेरोइन, 47 ग्राम आईस और 60 हजार 400 रुपये की नकदी बरामद हो चुकी है। यह जानकारी एएसपी मुख्यालय अभिषेक ने मीडिया से रूबरू होते हुए दी।

एएसपी शिमला (हेडक्वार्टर) अभिषेक ने बताया कि 29 मई 2026 को पुलिस थाना ढली में एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज एक मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने ढली क्षेत्र से दो आरोपियों अवंतिका नेगी और प्रद्युम्न ठाकुर को गिरफ्तार किया था। दोनों के कब्जे से करीब 65 ग्राम हेरोइन और 20 ग्राम आईस बरामद की गई थी। मामले में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ, तकनीकी विश्लेषण और बैकवर्ड लिंकेज जांच के दौरान पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले, जिनके आधार पर पंजाब के खरड़ में दबिश देकर मुख्य सप्लायर समर सिंह उर्फ टाइगर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी समर सिंह के कब्जे से करीब 131 ग्राम हेरोइन, 27 ग्राम आईस और 60 हजार 400 रुपये की नकदी बरामद की है।

जिला परिषद चंबा पर कांग्रेस का कब्जा, 18 में से 10 सीटों पर शानदार जीत

हामिद खान

चंबा। त्रिस्तरीय पंचायती राज चुनावों में जिला परिषद चंबा पर कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्पष्ट बहुमत हासिल कर लिया है। 18 सदस्यीय जिला परिषद में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों ने 10 सीटों पर जीत दर्ज कर अपनी मजबूत पकड़ स्थापित की है।

वहीं भाजपा समर्थित उम्मीदवारों को 5 सीटों पर सफलता मिली, जबकि 3 सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवार विजयी रहे।

चुनाव परिणाम घोषित होते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह की लहर दौड़ गई। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में विजयी उम्मीदवारों का जोरदार स्वागत किया गया। समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों और मिठाइयों के साथ जीत का जश्न मनाया तथा इसे जनता के विश्वास और विकासपरक राजनीति की जीत बताया।

चंबा सदर के विधायक नीरज नैयर ने जिला परिषद चुनावों में कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों की जीत पर जिले की जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह जनादेश कांग्रेस सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों, विकास कार्यों और कार्यकर्ताओं की मेहनत पर जनता की मुहर है। जनता ने विकास, पारदर्शिता और जनसेवा की राजनीति को समर्थन देकर अपना स्पष्ट संदेश दिया है।

विधायक ने कहा कि जिला परिषद में कांग्रेस को मिला बहुमत ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को नई गति देगा। उन्होंने सभी निर्वाचित उम्मीदवारों को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि वे जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए विकास और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देंगे।

टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए ट्रायल 4 को

राजन पुरी

ऊना। अंतर जिला सीनियर टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में जिला ऊना टीम के लिए खिलाड़ियों का ट्रायल 4 जून को सुबह 8.30 बजे इंदिरा ग्राउंड में होगा।

यह जानकारी जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष मदन पुरी ने दी। उन्होंने बताया कि ट्रायल में वही खिलाड़ी हिस्सा ले सकते है, जिनका हिमाचली बोनाफाइड हो।

उन्होंने कहा कि सभी खिलाड़ी अपने पहचान पत्र साथ लेकर आएं। यह टूर्नामेंट 8 जून से पेखूबेला ग्राउंड और संतोषगढ़ ग्राउंड में खेला जाएगा।

सुपरवाइजर और सुरक्षा गार्ड के 80 पदों के लिए साक्षात्कार 5 व 6 जून को

राजन पुरी

ऊना। सिस इंडिया लिमिटेड, आरटीए हमीरपुर द्वारा पुरुष वर्ग में सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 80 पद भरे जाएंगे। इन पदों के लिए साक्षात्कार 5 जून को सुबह 10.30 बजे रोजगार कार्यालय ऊना तथा 6 जून को उप रोजगार कार्यालय अंब में आयोजित किया जा रहा है।

जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं उत्तीर्ण व अनुत्तीर्ण, न्यूनतम ऊंचाई 168 सेंटीमीटर, आयु सीमा 19 से 40 वर्ष और वेतन 17,500 से 24 हजार रूपये प्रतिमाह निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि एक महीने की ट्रेनिंग के उपरांत अभ्यर्थियों की नियुक्ति एटीएम, अस्पतालों, औद्योगिक क्षेत्र, मॉल सहित अन्य संस्थानों में की जाएगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपनी शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, जन्म तिथि, रोजगार कार्यालय पंजीकरण कार्ड, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ साक्षात्कार में हिस्सा ले सकते हैं।

संक्षिप्त खबरें

35 वर्षों बाद घरयाणा ने रचा इतिहास, कुसुम लता बनी बीडीसी सदस्य

टीम एक्शन इंडिया

शिमला। रियोग-घरयाणा क्षेत्र के पंचायत समिति (बीडीसी) चुनाव में ग्राम पंचायत घरयाणा की कुसुम लता ने ऐतिहासिक जीत दर्ज कर 35 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। वर्ष 2026-27 के पंचायत चुनाव में उन्होंने 645 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को बड़े अंतर से पराजित किया।

गौरतलब है कि वर्ष 1990-91 में क्षेत्र के प्रथम बीडीसी सदस्य स्वर्गीय मनसा राम हरनोट के पंचायत समिति में पहुंचने के बाद पहली बार घरयाणा गांव को दोबारा बीडीसी स्तर पर प्रतिनिधित्व मिला है। इस उपलब्धि को क्षेत्र के लोग घरयाणा गांव की एकता, विश्वास और जनसमर्थन की जीत के रूप में देख रहे हैं।

कुसुम लता ने आरक्षित महिला वर्ग से चुनाव लड़ते हुए शानदार विजय हासिल की। उनके नेतृत्व में घरयाणा ने 35 वर्षों बाद पंचायत समिति में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराकर नया इतिहास रचा है।

चुनाव परिणामों के अनुसार कुसुम लता को 645 मत प्राप्त हुए, जबकि बशैलड़ी की रीना को 466, फरनेवट की लता कुमारी को 436, पटूखर की हेमलता को 388 तथा पटूखर की चंद्रकांता को 65 मत मिले।

रियोग-घरयाणा क्षेत्र के बीडीसी प्रतिनिधित्व के इतिहास पर नजर डालें तो स्वर्गीय मनसा राम हरनोट (1990-96) क्षेत्र के प्रथम बीडीसी सदस्य रहे। इसके बाद परसराम हरनोट ने लगातार दो कार्यकाल तक प्रतिनिधित्व किया। वर्ष 2006 से 2026 तक विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया, जिनमें वंदना, श्याम लाल, प्रेमा ठाकुर और लोकचंद शामिल रहे। अब वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक कुसुम लता क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगी।

क्षेत्रवासियों ने इस जीत को विकास और जनभागीदारी की नई शुरुआत बताते हुए उम्मीद जताई है कि पंचायत समिति में घरयाणा की आवाज पहले से अधिक मजबूती के साथ उठेगी।

दौलतपुर चौक कॉलेज में नए शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू

राजन पुरी

ऊना। राजकीय महाविद्यालय दौलतपुर चौक में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया आरंभ हो गई है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों की सुविधा के लिए प्रवेश प्रक्रिया पूर्णत: ऑनलाइन माध्यम से संचालित की जा रही है।

उन्होंने बताया कि बीए, बीएससी, बी कॉम, बीबीए तथा बीसीए सहित विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पोर्टल खोल दिया गया है। इच्छुक विद्यार्थी महाविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से पंजीकरण एवं आवेदन कर सकते हैं। प्राचार्य ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 19 जून निर्धारित की गई है। उन्होंने विद्यार्थियों से समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूरी करने का आग्रह करते हुए कहा कि अंतिम दिनों की भीड़ से बचने के लिए जल्द से जल्द पंजीकरण करवाना बेहतर रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रवेश से संबंधित मेरिट सूची, काउंसलिंग कार्यक्रम तथा अन्य महत्वपूर्ण सूचनाएं समय-समय पर महाविद्यालय की वेबसाइट पर जारी की जाएंगी। विद्यार्थियों को आवेदन करते समय सभी आवश्यक दस्तावेज तैयार रखने की सलाह भी दी गई है, ताकि प्रवेश प्रक्रिया किसी प्रकार की असुविधा न हो। डॉ. शर्मा ने क्षेत्र के विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से आह्वान किया कि वे उच्च शिक्षा के अवसरों का लाभ उठाते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करें।

पंचायती चुनावों में कांग्रेस का सूपड़ा साफ : अनुराग सिंह ठाकुर

टीम एक्शन इंडिया

हमीरपुर। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने पंचायतीराज एवं नगर निकाय चुनावों के परिणामों को प्रदेश की कांग्रेस सरकार के विरुद्ध जनता का स्पष्ट जनादेश बताते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के गृह जिला हमीरपुर से आए परिणामों ने यह सिद्ध कर दिया है कि कांग्रेस सरकार जनता का विश्वास खो चुकी है। जिला परिषद चुनावों में 19 सीटों में से कांग्रेस केवल एक सीट जीत पाई, जबकि भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने 15 सीटों पर विजय प्राप्त की और शेष सीटों पर भी कांग्रेस को अपेक्षित समर्थन नहीं मिला। उन्होंने कहा कि किसी भी मुख्यमंत्री के गृह जिले में उनकी पार्टी का इतना कमजोर प्रदर्शन जनता की नाराजगी का स्पष्ट संकेत है।

उन्होंने कहा कि पंचायत समिति (बीडीसी) चुनावों के परिणाम भी कांग्रेस सरकार की विफलताओं की कहानी स्वयं बयां कर रहे हैं। हमीरपुर जिले की कुल 119 पंचायत समिति सीटों में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने 80 सीटों पर विजय हासिल की, जबकि कांग्रेस केवल 32 सीटों तक सिमट गई। सात सीटों पर निर्दलीय अथवा न्यूट्रल उम्मीदवार विजयी रहे। उन्होंने कहा कि लगभग दो-तिहाई सीटों पर भाजपा की जीत यह दर्शाती है कि जनता ने विकास, सुशासन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर भरोसा जताया है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आने से पहले बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन साढ़े तीन वर्ष के कार्यकाल में जनता को निराशा ही हाथ लगी है। कर्मचारियों, युवाओं, महिलाओं, किसानों और आम जनता से किए गए वादे अधूरे पड़े हैं। यही कारण है कि स्थानीय निकायों और पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों में जनता ने कांग्रेस को नकारते हुए भाजपा के पक्ष में अपना समर्थन व्यक्त किया है।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की जनता ने नगर निकाय और पंचायतीराज चुनावों के माध्यम से यह संदेश दिया है कि कांग्रेस सरकार जनभावनाओं से कट चुकी है। उन्होंने कहा कि इन चुनाव परिणामों ने साबित कर दिया है कि कांग्रेस का न केवल हमीरपुर जिले में बल्कि प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में जनाधार तेजी से सिमट रहा है। यह परिणाम केवल चुनावी हार नहीं, बल्कि सरकार की कार्यशैली के प्रति जनता की नाराजगी का प्रतिबिंब हैं।

चनावग-नेहरा क्षेत्र के बीडीसी चुनाव में मेद राम बने बीडीसी सदस्य, 649 मत लेकर दर्ज की शानदार जीत

टीम एक्शन इंडिया

शिमला। चनावग-नेहरा क्षेत्र के पंचायत समिति (बीडीसी) चुनाव में ग्राम पंचायत चनावग के मेद राम ने 649 मत प्राप्त कर शानदार जीत हासिल की। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी पूर्ण चंद को 94 मतों के अंतर से पराजित किया। चुनाव परिणामों के अनुसार पूर्ण चंद को 555 मत, मदन लाल को 382 मत तथा लायक राम को 390 मत प्राप्त हुए। वहीं विजेता मेद राम को कुल 649 मत मिले, जो सभी प्रत्याशियों में सर्वाधिक रहे। मतगणना रिपोर्ट के अनुसार कुल 1976 वैध मत पड़े, जबकि 16 मत अवैध घोषित किए गए। इसके अलावा 10 मत 'नोटा' के पक्ष में पड़े। इस प्रकार कुल 2002 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

मेद राम की जीत के बाद समर्थकों में उत्साह का माहौल है। क्षेत्रवासियों ने उम्मीद जताई है कि नए बीडीसी सदस्य पंचायत समिति में क्षेत्र की समस्याओं और विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर उठाएंगे।

नकड़ोह में श्रद्धा व उत्साह से संपन्न हुआ वार्षिक भंडारा

राजन पुरी

ऊना। कैलाश नगर नकड़ोह स्थित सिद्ध बाबा बालक नाथ मंदिर में रविवार को वार्षिक भंडारे का आयोजन बड़ी श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ किया गया।

इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र सहित दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में हिस्सा लेकर बाबा बालक नाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत रूप से गणेश पूजन, नवग्रह पूजन तथा बाबा बालक नाथ जी की प्रतिमा के पंचोपचार पूजन के साथ किया गया।

इसके उपरांत वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन यज्ञ संपन्न हुआ तथा श्रद्धालुओं द्वारा बाबा जी को पवित्र ध्वजा अर्पित कर झंडा चढ़ाने की रस्म अदा की गई।

इस अवसर पर दौलतपुर संकीर्तन मंडली ने बाबा जी के भजनों एवं भक्तिमय संकीर्तन की मनमोहक प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे और पूरे परिसर में भक्ति की गंगा बहती रही। धार्मिक अनुष्ठानों के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

जाहु वार्ड में दिखा विधायक बनाम पवन कुमार का सीधा मुकाबला, जनता ने दिया स्पष्ट संदेश

पवन धीमान

हमीरपुर। जिला परिषद चुनाव में जाहु वार्ड इस बार सबसे चर्चित सीटों में शामिल रहा, जहां मुकाबला केवल प्रत्याशियों तक सीमित नहीं रहा बल्कि इसे क्षेत्र में विधायक समर्थित पक्ष और आजाद प्रत्याशी पवन कुमार के बीच सीधी राजनीतिक टक्कर के रूप में देखा गया।

चुनाव परिणामों में पवन कुमार ने 2341 वोटों के बड़े अंतर से जीत दर्ज कर अपनी मजबूत पकड़ साबित की। जीत के बाद उन्होंने कहा कि यह उनकी नहीं बल्कि जनता की जीत है।

उन्होंने दावा किया कि चुनाव के दौरान सत्ता पक्ष ने पूरा जोर लगाया, लेकिन मतदाताओं ने विकास, जनसंपर्क और किए गए कार्यों के आधार पर अपना फैसला सुनाया।

पवन कुमार ने कहा कि चुनाव में धनबल और राजनीतिक प्रभाव का भी इस्तेमाल किया गया, लेकिन जनता ने यह साबित कर दिया कि लोकतंत्र में सबसे बड़ी ताकत मतदाता का वोट होता है। उन्होंने कहा कि जनता ने स्पष्ट संदेश दिया है कि चुनाव केवल सत्ता के दम पर नहीं, बल्कि लोगों के विश्वास और क्षेत्र में किए गए कार्यों के आधार पर जीते जाते हैं।

अवैध शराब मामले में दोषी करार, आरोपी को जुर्माना

राजन पुरी

ऊना। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अंब जितेंद्र कुमार की अदालत ने अवैध शराब रखने के मामले में जिला कांगड़ा के गांव समनोली निवासी तरसेम लाल को दोषी करार दिया है। अदालत ने आरोपी को अदालत उठने तक की सजा सुनाने के साथ-साथ 3,000 रुपये का नकद जुर्माना अदा करने के आदेश दिए हैं। सहायक जिला न्यायवादी विशेष कुमार ने बताया कि 2 अक्तूबर 2017 की रात को पुलिस टीम माता चिंतपूर्णी क्षेत्र के तहत शाहकोट धर्मशाला के पास गश्त पर थी। इसी दौरान एक व्यक्ति कंधे पर प्लास्टिक की बोरी लेकर जाता दिखाई दिया।

Himachal Pradesh
Public Works Department
*****
"CORRIGENDUM"

The online e-tenders called vide this office letter No. PWH/HD/CB/T-1/2024-25-666-675 dated 24.04.2026 (RO No.0685/2026-24(Classified) and due for publication 20.05.2026 at 09.30 AM & further vide corrigendum No.1304-10 dated 19.05.2026 (RO NO. 0768/2026-27 classified) due for publication on 02.06.2026 at 9.30 AM is hereby extended as under due to administrative/technical reasons; -

Key Dates

S.No.	Description	Old Dates	Amended/new dates
1	Date of online publication	02.06.2026 (09.30 AM)	08.06.2026 (09.30 AM)
2	Documents download start and end date/time	02.06.2026 (09.30 AM) up to 08.06.2026 (10.30 AM)	08.06.2026 (09.30 AM) up to 15.06.2026 (10.30 AM)
3	Bid submission start and end date/time	02.06.2026 (09.30 AM) up to 08.06.2026 (10.30 AM)	08.06.2026 (09.30 AM) up to 15.06.2026 (10.30 AM)
5	Date of Technical Bid opening	08.06.2026 (11.00 AM)	15.06.2026 (11.00 AM)

Other terms and conditions of the tenders shall remain unchanged.

Executive Engineer,
HPPWD Division, Haroli, Distt.Una HP).

RO No. 0787/2026-2027

सनोली बीडीसी चुनाव परिणाम पर बवाल, मतगणना में धांधली के लगाए आरोप

राजन पुरी

ऊना। ऊना ब्लॉक समिति वार्ड नंबर-24 सनोली के चुनाव परिणाम को लेकर विवाद गहरा गया है। भाजपा समर्थित ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने मतगणना प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाते हुए प्रशासन पर धांधली के आरोप लगाए हैं। सोमवार को सनोली में ग्रामीणों ने नवनियुक्त प्रधान जरनैल सिंह की अगुवाई में प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि यदि मामले की पारदर्शी जांच नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रधान जरनैल सिंह के अनुसार ब्लॉक समिति वार्ड-24 की मतगणना ऊना के राजकीय महाविद्यालय में की गई थी। आरोप है कि प्रारंभिक मतगणना के बाद ऊना एसडीएम द्वारा तृप्ता देवी को 15 मतों से विजयी घोषित किया गया था। तृप्ता देवी को 811 तथा उनकी प्रतिद्वंद्वी चरण कौर को 796 मत प्राप्त हुए थे, जबकि 50 मत नोटा अथवा निरस्त बताए गए थे। आरोप है कि जब तृप्ता देवी के काउंटिंग एजेंट विजय प्रमाण पत्र लेने के लिए पहुंचे तो उन्हें कुछ समय प्रतीक्षा करते हुए रिकाउंटिंग की बात कही। ग्रामीणों का दावा है कि करीब डेढ़ घंटे तक मतगणना प्रक्रिया रुकी रही और बाद में अलग-अलग तथा दूर-दूर स्थित टेबलों पर पुनर्गणना करवाई गई। ग्रामीणों का आरोप है कि पुनर्मतगणना के बाद परिणाम पूरी तरह बदल दिए गए। उनके अनुसार अंतिम परिणाम में चरण कौर को 845 तथा तृप्ता देवी को 754 मत दर्शाए गए, जबकि नोटा एवं निरस्त मतों की संख्या 58 बताई गई।

बेटे के इंसाफ के लिए मां ने किया आत्मदाह का प्रयास

राजन पुरी

ऊना। हमीरपुर रोड स्थित लोए-लोए कैफे के कर्मचारी दीपांशु के अपहरण और मारपीट मामले में सोमवार को उस समय बड़ा घटनाक्रम सामने आया, जब पीड़ित युवक की मां कंचन न्याय न मिलने से आहत होकर आत्मदाह करने के इरादे से पेट्रोल लेकर एमसी पार्क पहुंच गईं।

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए महिला के हाथ से पेट्रोल की बोतल छीन ली और किसी भी अप्रिय स्थिति को टाल दिया। इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस प्रशासन और कैफे प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आक्रोशित लोगों ने एमसी पार्क से लेकर एसपी कार्यालय तक रोष रैली निकाली और एसपी से मुलाकात करते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि मामले में प्रभावशाली लोगों को बचाने की कोशिश की जा रही है, जिसके चलते अब तक पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिल पाया है। उन्होंने कह कि यदि समय रहते निष्पक्ष कार्रवाई की गई होती तो एक मां को आत्मदाह जैसा कठोर कदम उठाने के बारे में सोचने के लिए मजबूर नहीं होना पड़ता। पीड़ित के साथ आई माता कंचन, लाड़ी सैणी व संजीव सैणी ने कहा कि यह केवल एक परिवार की लड़ाई नहीं बल्कि न्याय व्यवस्था पर जनता के विश्वास का सवाल है।

हिमाचल प्रदेश की राजनीति में दो रसूखदार कौल सिंह ठाकुर व महेंद्र सिंह ठाकुर परिवार को बड़ा झटका, दोनों की बेटियों को मिली हार

चौंकाया

कोटली से चंपा ठाकुर और टीहरा से वंदना ठाकुर की हार ने सबको चौंकाया।

टीम एक्शन इंडिया

मंडी । मंडी जिला के जिला परिषद चुनावों ने इस बार कई बड़े राजनीतिक रसूखदार परिवारों को हाशिए पर धकेल दिए हैं। सबसे बड़ा झटका कांग्रेस को तब लगा जब प्रदेश राजनिति में कद्दावर नेता कौल सिंह ठाकुर की बेटी, वर्तमान कांग्रेस जिलाध्यक्ष चंपा ठाकुर जिला परिषद वार्ड नंबर 31 कोटली से चुनाव हार गईं। पूर्व मंत्री कौल सिंह ठाकुर की पुत्री चंपा ठाकुर को भाजपा समर्थित उम्मीदवार हेमलता ने 2464 मतों के अंतर से पराजित किया। हेमलता को 8659 वोट मिले जबकि चंपा ठाकुर को 6195 मत प्राप्त हुए।

चंपा ठाकुर की हार को कांग्रेस के लिए बड़ा राजनीतिक झटका माना जा रहा है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष होने के नाते यह चुनाव उनके लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न भी माना जा रहा था। हालांकि मतदाताओं ने इस बार भाजपा समर्थित उम्मीदवार पर भरोसा जताते हुए स्पष्ट जनादेश दिया। वहीं टिहरा जिला परिषद वार्ड में भी बड़ा राजनीतिक उलटफेर देखने को मिला। यहां भाजपा समर्थित उम्मीदवार अनीता ने 6384 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। उनकी प्रतिद्वंद्वी व ठाकुर महेंद्र सिंह की पुत्री बन्दना ठाकुर को 6339 वोट मिले और मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। दोनों उम्मीदवारों के बीच जीत-हार का अंतर महज 45 वोटों का रहा। तीसरी उम्मीदवार रजिता को 3751 मत मिले।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि टिहरा वार्ड में त्रिकोणीय मुकाबले ने चुनावी समीकरण पूरी तरह बदल दिए। रजिता को मिले वोट निर्णायक साबित हुए और अनीता की जीत का रास्ता आसान हुआ। यही वजह है कि टिहरा का परिणाम पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। जिला परिषद चुनावों के इन नतीजों ने साफ संकेत दिया है कि मंडी जिले में मतदाता अब स्थानीय मुद्दों और उम्मीदवारों की स्वीकार्यता को प्राथमिकता दे रहे हैं।

जनता ने की खिंचाई तो सुक्खू सरकार को जमीन नजर आई: राकेश शर्मा

टीम एक्शन इंडिया

धर्मशाला। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता राकेश शर्मा ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि नगर निगम, पंचायतों व जिला परिषद चुनावों में भाजपा को मिली प्रचंड जीत इस बात का उदाहरण है कि जनता सुक्खू सरकार को सत्ता से बाहर करने के लिए तैयार बैठी हुई है। इन चुनावों में जनता ने सुक्खू सरकार की खिंचाई की तो उसे जमीन भी नजर आ गई है। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता ने कांग्रेस के कुशासन, जनविरोधी नीतियों और खराब कामकाज को पूरी तरह नकार दिया है। प्रदेश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों और नीतियों के साथ मजबूती से खड़ी है जनता ने केंद्र सरकार के विकास कार्यों पर अपनी मुहर लगाई है। उन्होंने कहा कि पिछले लगभग चार सालों से झूठ की बुनियाद पर बैठी सुक्खू सरकार ने प्रदेश को विकास के मामले में कई वर्ष पीछे धकेल दिया है। इन चुनावों के परिणामों से साफ जाहिर हुआ है कि प्रदेश की जनता सुक्खू सरकार से दुखी व परेशान है तथा कांग्रेस सरकार से जनता जल्द छुटकारा चाहती है। राकेश शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने के बाद लोगों को विकास की उम्मीद थी, लेकिन जनता को निराशा हाथ लगी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार आर्थिक संकट, महंगाई, बेरोजगारी और प्रशासनिक अव्यवस्था को संभालने में पूरी तरह विफल रही है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि नगर निकाय चुनावों के नतीजे बताते हैं कि लोगों का भरोसा कांग्रेस से उठ चुका है। जनता अब बदलाव चाहती है और यही वजह है कि शहरी इलाकों में भाजपा को मजबूत समर्थन मिला है। राकेश शर्मा ने कहा कि धर्मशाला नगर निगम विकास के मामले में कम तथा विनाश के मामले में ज्यादा भागीदार रहा है। धर्मशाला के विकास पर सुक्खू सरकार ने कैंची चलाई, केंद्रीय विश्वविद्यालय के निर्माण पर 30 करोड़ जमा नही करपाई, पर्यटन के नाम पर यहां के होटल कारोवारियों व बेरोजगारों के साथ छल किया गया तथा इसका प्रतिशोध जनता ने दिखा दिया है।

नशे के विरुद्ध लड़ाई केवल कानून प्रवर्तन एजेंसियों की नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी : डॉ. मदन कुमार

कार्यक्रम

शैक्षणिक संस्थानों में नियमित रूप से होंगे जागरूकता कार्यक्रम

टीम एक्शन इंडिया

खेमचंद शास्त्री

मंडी। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी मंडी डॉ. मदन कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नार्को समन्वय केंद्र (एनकॉर्ड) समिति की बैठक कामक्षा हॉल, पुलिस लाइन मंडी में आयोजित की गई। इसमें जिले में नशे की रोकथाम, तस्करी पर अंकुश लगाने तथा जन-जागरूकता गतिविधियों की समीक्षा की गई। डॉ. मदन कुमार ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जाए तथा युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए जागरूकता गतिविधियों को व्यापक स्तर पर संचालित किया जाए। उन्होंने कहा कि स्कूलों, महाविद्यालयों एवं अन्य शिक्षण संस्थानों में नियमित रूप से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं तथा नशा विरोधी समितियों की सक्रियता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने युवाओं को खेलों एवं सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने के लिए ब्लॉक स्तर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि नशे के विरुद्ध लड़ाई केवल कानून प्रवर्तन एजेंसियों की नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है और सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करना होगा। डॉ. मदन ने एनकॉर्ड से संबंधित अधिकारीयों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि जिला को नशा मुक्त बनाने के उदेश्य से हर बैठक में अपनी उपस्थिति अवश्य सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान पिछली बैठक की अनुपालन रिपोर्ट की समीक्षा भी की गई। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के साथ हुई

जिला परिषद बिलासपुर के सभी 14 वार्डों का चुनाव परिणाम घोषित

बिलासपुर, कश्मीर ठाकुर।

जिला परिषद बिलासपुर के सभी 14 वार्डों के चुनाव परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। जिनमें सबसे रोचक मुकाबला जांगला वार्ड और बरमाणा वार्ड का था, जांगला से जहां आजाद उम्मीदवार देवेश चंदेल ने एक तरफा मुकाबले में विजय हासिल कर अपने मंसूबे साफ कर दिए वहीं बरमाणा वार्ड से अशोक शर्मा कठिन परिस्थितियों में विजयी बने। वहीं अन्य घंडालवीं वार्ड से जमना देवी, गाहर वार्ड से रक्षा कुमारी, कुठेड़ा वार्ड से निशु देवी, ननावां वार्ड से प्रोमिला देवी, बड़गांव वार्ड से नरेंद्र कुमार, रोहल वार्ड से जरनैल सिंह, जेजवीं वार्ड से आशा देवी, आदि

भारत विकास परिषद् शाखा बददी की प्रथम बैठक संपन्न, सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय

टीम एक्शन इंडिया

बददी। भारत विकास परिषद् शाखा बददी की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की प्रथम बैठक अमरावती सोसाइटी के क्लब हाउस में शाखा अध्यक्ष देव व्रत यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा आगामी वर्ष की गतिविधियों को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। शाखा अध्यक्ष देव व्रत यादव ने बताया कि बैठक में भारत विकास परिषद् प्रांत-1 हिमाचल प्रदेश के महासचिव दीप कुमार आर्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के सदस्यों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया तथा परिषद् के उद्देश्यों, सामाजिक दायित्वों

और वर्षभर आयोजित किए जाने वाले प्रमुख कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि परिषद् का सदस्यता अभियान तत्काल प्रभाव से शुरू किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ा जा सके। इसके साथ ही वर्षभर आयोजित होने वाले प्रमुख कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने तथा प्रत्येक माह कार्यकारिणी की नियमित बैठक आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में प्रांत संपर्क प्रमुख नीरज गुप्ता, शाखा सचिव सौरभ श्रीवास्तव, मुख्य सलाहकार सी.डी. मिश्रा, सहित आदि।

तम्बाकू सेवन से टीबी का खतरा तीन गुना बढ़ता है: टीबी एवं तम्बाकू निषेध सेवाओं के बेहतर समन्वय हेतु कार्यशाला आयोजित

टीम एक्शन इंडिया

धर्मशाला। धर्मशाला में टीबी सेवाओं एवं तम्बाकू निषेध सेवाओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा टीबी रोगियों को तम्बाकू छोड़ने हेतु प्रभावी सहायता उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के कर्मचारियों तथा विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों ने बताया कि तम्बाकू सेवन करने वाले व्यक्तियों में टीबी होने की संभावना सामान्य व्यक्तियों की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक होती है। तम्बाकू फेफड़ों को क्षति पहुंचाने के साथ-साथ शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को भी कमजोर करता है, जिससे टीबी संक्रमण का जोखिम बढ़ जाता है। इसके अतिरिक्त तम्बाकू सेवन टीबी के उपचार की सफलता को प्रभावित करता है तथा उपचार में देरी, जटिलताओं और मृत्यु के खतरे को भी बढ़ा सकता है। प्रतिभागियों को टीबी रोगियों में नियमित रूप से तम्बाकू सेवन की पहचान करने तथा उन्हें तम्बाकू निषेध सेवाओं से जोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कांगड़ा डॉ. विवेक करोल ने बताया कि वर्ष 2026 में अब तक पंजीकृत 977 टीबी रोगियों में से, जिनकी तम्बाकू सेवन संबंधी जानकारी उपलब्ध है, 200 रोगी तम्बाकू का सेवन करते हैं। यह कुल रोगियों का लगभग 20 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि इनमें से 163 रोगियों को तम्बाकू निषेध हेल्पलाइन से जोड़ा जा चुका है, जहां उन्हें तम्बाकू छोड़ने के लिए विशेषज्ञ परामर्श एवं सहायता प्रदान की जा रही है।

पंचायत समिति झंडूता, घुमारवीं, सदर व श्री नयना देवी जी के चुनाव परिणाम घोषित

टीम एक्शन इंडिया

कश्मीर ठाकुर

बिलासपुर, पंचायत समिति झंडूता के सभी 23 वार्डों के चुनाव परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। चुनाव परिणामों के तहत झंडूता वार्ड से बख्तावर सिंह, जांगला वार्ड से ज्योति, बैहना जट्टां वार्ड संदला कुमारी, बैहना ब्राह्मणा वार्ड से माया देवी, बरठीं वार्ड से पिंकी देवी, समोह वार्ड से सीता देवी, नखलेहड़ा वार्ड से प्यार सिंह, मलांगण वार्ड से शीला चंदेल, कलोल वार्ड से राकेश कुमार, सुन्हाणी वार्ड से रीना देवी, डाहड वार्ड से अनिल कुमार, सलवाड़ वार्ड से दया राम, गेहड़वीं वार्ड से शोभित, सनीहरा वार्ड से कमल देव, डमली वार्ड राम कृष्ण, जेजवीं वार्ड कपिल देव,बलोह वार्ड से धनी राम, झबोला वार्ड से रीना कुमारी, बड़गांव वार्ड से शीला देवी, मलराओं वार्ड से चंपा देवी, घराण वार्ड से ओंकार चंद, नघियार वार्ड राज कुमारी, घंडीर वार्ड निशा कुमारी को विजयी घोषित किया गया। जबकि पंचायत समिति श्री नयना देवी जी के सभी 15 वार्डों में तनबौल वार्ड से महेंद्र कुमार, टाली वार्ड से रूप लाल, री वार्ड से रीना देवी, स्वाहण वार्ड से अंजना देवी, टरवाड़ वार्ड से अंजना कुमारी, घवांडल वार्ड से कमला देवी, सलोआ वार्ड से सुरेन्दर पाल, माकड़ी वार्ड से निशा रानी, ग्वालथाई वार्ड सतनाम सिंह, लेहड़ी वार्ड से सुनीता कुमारी, कोटखास वार्ड से बलवीर सिंह, बस्सी वार्ड से जगदीप सिंह, मजारी वार्ड से अमरजीत कौर, कौलांवाला टोबा वार्ड से राम लोक, कौड़ावाला वार्ड से कमलजीत कौर को चुना गया। इसी तरह पंचायत समिति घुमारवीं के सभी 34 वार्डों का चुनाव परिणाम घोषित किए जा चुके हैं जिसके तहत भलस्वाय वार्ड से किशोर कुमार, लद्दा वार्ड से राजेश कुमार, मैहरी काथला वार्ड से ज्योति शर्मा, कोट वार्ड से सुभाष चंद, तल्याणा वार्ड से रमेश, कुठेड़ा वार्ड से निर्मला देवी, हटवाड़ वार्ड से नरेश कुमारी, बम्म वार्ड से कर्म दत्त शर्मा, कुह.मझवाड़ वार्ड से सुमना देवी, ननांवा वार्ड से मेहर चंद, औहर से अजय शर्मा, फटोह वार्ड से कौशल्या कुमारी, अमरपुर वार्ड से कंचना देवी, बकरोआ वार्ड से चैन सिंह, घुमारवीं वार्ड से मनोज कुमार, हरलोग वार्ड से रूकमा देवी, लुहारवीं वार्ड फूलां देवी, कपाहड़ा वार्ड से सुशपाल सिंह, कोठी वार्ड से सपना देवी, छत वार्ड से मंजुला देवी, पडयालग वार्ड से रश्मि देवी, आदि।

नगर निकाय व पंचायती राज चुनावों में प्रदेश की जानता का भाजपा की नीतियों व नेतृत्व पर अटूट विश्वास: पंकज जम्वाल

टीम एक्शन इंडिया

संगराय

जोगिंद्रनगर। भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश के प्रदेश प्रवक्ता पंकज जमवाल ने आज एक विस्तृत वक्तव्य जारी करते हुए प्रदेश में हाल ही में संपन्न हुए नगर निकाय और पंचायती राज संस्थाओं के चुनावी नतीजों पर गहरी संतुष्टि व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इन चुनावों में प्रदेश की जनता ने भारतीय जनता पार्टी की नीतियों और नेतृत्व पर अटूट विश्वास जताते हुए पार्टी को प्रचंड बहुमत से नवाजा है। नगर निगम मंडी, सोलन और धर्मशाला में भाजपा ने ऐतिहासिक जनादेश प्राप्त कर स्पष्ट कर दिया है कि प्रदेश का जनमानस वर्तमान कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों से पूरी तरह त्रस्त हो चुका है। पंकज जमवाल ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा मीडिया में दिए गए बयानों पर कड़ा ऐतराज जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अपनी पार्टी की इस करारी शिकस्त से पूरी तरह बौखला गए हैं। मंडी नगर निगम में भाजपा की जीत को पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के प्रभाव से अलग बताकर स्थानीय नेताओं की निजी जीत करार देना मुख्यमंत्री की इसी राजनीतिक हताशा और संकीर्ण मानसिकता को दर्शाता है। सुक्खू सरकार जनादेश का सम्मान करने के बजाय अनर्गल और बेबुनियाद बयानबाजी का सहारा ले रही है, जो कि लोकतंत्र में बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू शायद भाजपा की कार्यपद्धति से पूरी तरह अनभिज्ञ हैं। भारतीय जनता पार्टी में प्रत्येक चुनाव सामूहिक प्रयास, संगठन की शक्ति और कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से लड़ा जाता है। कांग्रेस की तरह भाजपा में गुटबाजी की संस्कृति नहीं है। मंडी, सोलन, धर्मशाला सहित पूरे प्रदेश के जिला परिषद, पंचायत समिति और प्रधान-उपप्रधान पदों पर भाजपा समर्थित प्रत्याशियों की यह जीत सामूहिक नेतृत्व की जीत है। ' भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ नेता जयराम ठाकुर आज प्रदेश में सर्वप्रिय नेता हैं। इन नगर निकाय चुनावों में उन्होंने पूरे प्रदेश में धुआंधार प्रचार किया, जनसभाएं कीं और कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार किया। उनके इसी व्यापक जनसंपर्क और लोकप्रियता के परिणाम स्वरूप आज चुनावी नतीजे पूरी तरह से भाजपा के पक्ष में आए हैं। जयराम ठाकुर जी की हिमाचल की जनता और भाजपा के जमीनी कार्यकर्ताओं के दिलों में एक विशिष्ट और अमिट जगह है, जिसे मुख्यमंत्री सुक्खू अपनी बयानबाजी से कम नहीं कर सकते। जमवाल ने आगे कहा कि न केवल नगर निगमों में बल्कि ग्रामीण अंचलों में भी जिला परिषद, पंचायत समिति सदस्य, प्रधान और उपप्रधान पदों पर पूरे प्रदेश में भाजपा समर्थित उम्मीदवार भारी संख्या में जीत दर्ज कर आए हैं।

बिलासपुर में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव शांतिपूर्वक सम्पन्न, डीसी राहुल कुमार ने जताया आभार

टीम एक्शन इंडिया

कश्मीर ठाकुर

बिलासपुर, जिला बिलासपुर में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव 2026 की संपूर्ण प्रक्रिया शांतिपूर्वक संपन्न हो गई है। जिला की 182 ग्राम पंचायतों, 1140 पंचायत वार्डों, 97 पंचायत समिति वार्डों तथा 14 जिला परिषद वार्डों के लिए तीन चरणों में मतदान आयोजित किया गया। तीनों चरणों में कुल 3,15,443 मतदाताओं में से 2,46,969 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया तथा 78.29 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत)

एवं उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने कहा कि प्रथम चरण में 26 मई को 62 ग्राम पंचायतों के 428 वार्डों में मतदान संपन्न हुआ, जिसमें 1,19,628 मतदाताओं में से 92,615 मतदाताओं ने मतदान किया तथा मतदान प्रतिशत 77,41 रहा। द्वितीय चरण में 28 मई को 62 ग्राम पंचायतों के 386 वार्डों में मतदान करवाया गयाए जिसमें 1,08,746 मतदाताओं में से 85,854 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया और मतदान प्रतिशत 78,95 दर्ज किया गया। तृतीय एवं अंतिम चरण में 30 मई को 58 ग्राम पंचायतों के 326 वार्डों में मतदान हुआ, जिसमें 87,069 मतदाताओं में से 68,500 मतदाताओं ने मतदान किया तथा मतदान प्रतिशत 78ण67 रहा। उन्होंने कहा कि जिला की कुल 182 ग्राम पंचायतों में पंचायत प्रधान पद के लिए चुनाव निर्धारित थेए जिनमें से 181 ग्राम पंचायतों में पंचायत प्रधान का चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जबकि टाली ग्राम पंचायत में पंचायत प्रधान पद के लिए चुनाव नहीं हो सका। इसके अतिरिक्त पंचायत उप.प्रधान, पंचायत वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सदस्य तथा जिला परिषद सदस्यों के लिए निर्वाचन प्रक्रिया भी सफलतापूर्वक पूर्ण की गई। राहुल कुमार ने कहा कि मतदान, मतगणना तथा परिणाम घोषणा सहित सभी निर्वाचन संबंधी कार्य निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सफलतापूर्वक संपन्न कर लिए गए हैं।

आईआईटी मंडी में 3 से 6 जून तक होगा अंतरराष्ट्रीय मन, मस्तिष्क एवं चेतना सम्मेलन-2026

टीम एक्शन इंडिया

मंडी। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी में 3 से 6 जून तक तृतीय अंतरराष्ट्रीय मन, मस्तिष्क एवं चेतना सम्मेलन-2026 का आयोजन किया जाएगा। हिमाचल प्रदेश की सुरम्य कमांद घाटी में स्थित संस्थान परिसर में आयोजित होने वाले इस चार दिवसीय सम्मेलन में देश-विदेश के वैज्ञानिक, शोधकर्ता, शिक्षाविद, विद्यार्थी, आध्यात्मिक चिंतक और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ भाग लेंगे। यह जानकारी आईआईटी मंडी के निदेशक प्रोफेसर लक्ष्मीधर बेहरा ने दी । उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान प्रणाली एवं मानसिक स्वास्थ्य अनुप्रयोग केंद्र द्वारा आयोजित यह सम्मेलन चेतना, संज्ञान, मानसिक स्वास्थ्य और मानव कल्याण जैसे विषयों पर भारतीय ज्ञान परंपरा तथा आधुनिक विज्ञान के बीच संवाद स्थापित करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। चेतना के स्वरूप और उसकी वैज्ञानिक समझ से जुड़े विषयों पर केंद्रित यह सम्मेलन देश के प्रमुख अंतर्विषयक आयोजनों में गिना जाता है। इस वर्ष सम्मेलन का सबसे बड़ा आकर्षण भारत की दो महान सांस्कृतिक विभूतियों की उपस्थिति होगी। पद्म विभूषण से सम्मानित प्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना, विदुषी एवं शोधकर्ता डॉ. पद्मा सुब्रह्मण्यम उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। वे 3 जून की शाम अपने दल के साथ विशेष भरतनाट्यम नृत्य प्रस्तुति देंगी। पद्म भूषण से सम्मानित हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत के प्रख्यात गायक पंडित अजय चक्रवर्ती 4 जून को सम्मेलन में मुख्य व्याख्यान देंगे तथा शास्त्रीय संगीत की विशेष प्रस्तुति भी देंगे। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में भारत और विदेशों से 400 से अधिक प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है। आयोजन के दौरान 250 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त 18 मुख्य व्याख्यान, 8 आमंत्रित व्याख्यान, 3 पैनल चर्चाएं, कार्यशालाएं, प्रतियोगिताएं तथा विभिन्न अंतर्विषयक सत्र आयोजित किए जाएंगे। इन सत्रों में चेतना अध्ययन, तंत्रिका विज्ञान, संज्ञानात्मक विज्ञान, योग एवं ध्यान, आयुर्वेद, संस्कृत अध्ययन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मानसिक स्वास्थ्य तथा भारतीय ज्ञान प्रणाली से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा होगी। सम्मेलन में अमेरिका, ब्रिटेन, बेल्जियम, मेक्सिको और इजराइल सहित अनेक देशों के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक और विद्वान भाग लेंगे। इनमें प्रोफेसर स्टुअर्ट हैमेरॉफ, प्रोफेसर जॉर्जियो अस्कोली, प्रोफेसर दिमित्रिस पिनोटसिस, प्रोफेसर पीटर-जान मैस, प्रोफेसर जोसेफा बेसेरा गोंजालेज और प्रोफेसर इत्हामार थियोडोर प्रमुख हैं।

जिला परिषद का चुनावी रण क्षेत्र बना भड़याड़ा वार्ड से कुशाल भारद्वाज ने दर्ज की जीत, नौ उम्मीदवारों को दी पटकनी

टीम एक्शन इंडिया

संगराय

जोगिंद्रनगर। पंचायती राज चुनावों के तहत भड़याड़ा वार्ड में हुए मुकाबले में कुशाल भारद्वाज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। कड़े चुनावी संघर्ष और कई दिग्गजों की रणनीतियों के बावजूद कुशाल भारद्वाज ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 1506 मतों के भारी अंतर से पराजित कर जीत का परचम लहराया। चुनाव परिणाम घोषित होते ही समर्थकों में उत्साह की लहर दौड़ गई। जीत की घोषणा के बाद क्षेत्र में जश्न का माहौल बन गया और समर्थकों ने एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाकर खुशी मनाई। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यह जीत क्षेत्र की जनता के कुशाल

भारद्वाज पर विश्वास और उनके लगातार जनसंपर्क का परिणाम है। कुशाल भारद्वाज की इस बड़ी जीत ने यह साबित कर दिया कि भड़याड़ा की जनता ने विकास और स्थानीय मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए अपना फैसला सुनाया है। चुनावी रणभूमि में कई दिग्गजों की चुनौती को पीछे छोड़ते हुए उन्होंने एक नया इतिहास रच दिया। जीत के बाद कुशाल भारद्वाज ने क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत उनकी नहीं बल्कि भड़याड़ा की जनता की जीत है। उन्होंने क्षेत्र के विकास और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने का भरोसा दिलाया।

मधु कटोच ने जीत का परचम लहराया कड़े मुकाबले में अर्चना ठाकुर को हराया

मंडी। पंचायत समिति सदर के सदोह वार्ड चार से मधु कटोच ने जीत का परचम लहराया है। बीडीसी की इस सीट पर पांच उम्मीदवार चुनावी मैदान में थे जिसमें मधु कटोच ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी अर्चना ठाकुर को कड़े मुकाबले में हराया। सदर विकास खंड के तहत वार्ड नंबर 4 से 5 उम्मीदवारों में मधु कटोच, अर्चना ठाकुर, नेहा, उर्मिला और और गगना के बीच में सीधा मुकाबला था । इस कड़े मुकाबले में मधु कटोच और अर्चना ठाकुर के बीच टक्कर हुई जिसमें मधु कटोच ने जीत हासिल की । जीत हासिल करने के बाद मधु कटोच ने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं के

प्रशिक्षण एवं खेल गतिविधियों के नाम रहा एनसीसी वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का तीसरा दिन

टीम एक्शन इंडिया

कश्मीर ठाकुर

बिलासपुर, 1 एचपी यूनिट एनसीसी बिलासपुर द्वारा शिवा इंटरनेशनल स्कूल, घुमारवीं में आयोजित 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का तीसरा दिन उत्साह, अनुशासन एवं सीखने की भावना के साथ संपन्न हुआ। शिविर में भाग ले रहे 519 कैडेट्स का जोश लगातार बना हुआ है तथा वे सभी गतिविधियों में बढ़.चढ़कर भाग ले रहे हैं। दिन की शुरुआत प्रात:कालीन परेड प्रशिक्षण से हुई, जिसमें कैडेट्स को ड्रिल एवं अनुशासन संबंधी महत्वपूर्ण प्रशिक्षण दिया गया। इसके पश्चात कैडेट्स ने शारीरिक

व्यायाम एवं जुम्बा सत्र में भाग लेकर स्वयं को ऊर्जावान बनाए रखा। दिन के दौरान विभिन्न प्रशिक्षण कक्षाओं का आयोजन किया गया। कैडेट्स को नेवल ओरिएंटेशन, वेपन ट्रेनिंग, शिप मॉडलिंग, परेड ट्रेनिंग तथा एनसीसी इंटीग्रेशन एंड अवेयरनेस विषयों पर विस्तृत जानकारी एवं प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इन कक्षाओं के माध्यम से कैडेट्स को भारतीय नौसेना की कार्यप्रणाली, हथियारों की मूलभूत जानकारी, नौसैनिक मॉडल निर्माण तथा एनसीसी के उद्देश्यों एवं राष्ट्रीय एकता के महत्व से अवगत कराया

3 जून को मंडी में होगा बीके सिस्टर शिवानी का विशेष कार्यक्रम

टीम एक्शन इंडिया

मंडी। 3 जून को मंडी में बीके सिस्टर शिवानी का विशेष कार्यक्रम होगा। इस समारोह में 5 हजार से अधिक लोगों ने पंजीकरण कराया है। मंडी सर्कल प्रमुख बीके सुशीला दीदी प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सद्भावना भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी गई। 3 जून को पड्डल मैदान में होने वाले बीके सिस्टर शिवानी के विशेष जन-जागरण कार्यक्रम होगा। मंडी सर्कल प्रमुख बीके सुशीला दीदी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर एवं राजयोग प्रशिक्षिका बीके सिस्टर शिवानी पहली बार मंडी आ रही हैं।

उन्होंने बताया कि बीके सिस्टर शिवानी सकारात्मक चिंतन, आत्मिक सशक्तिकरण और मूल्य आधारित जीवन के लिए विश्वभर में जानी जाती हैं। महिलाओं के सशक्तिकरण और समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए उन्हें भारत सरकार के प्रतिष्ठित नारी शक्ति पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। 3 जून को आयोजित कार्यक्रम का विषय 'संबंधों में समरसता' रहेगा, जिसमें पारिवारिक और सामाजिक रिश्तों को बेहतर बनाने, तनावमुक्त जीवन जीने तथा दैनिक जीवन की चुनौतियों के व्यावहारिक समाधान पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम शाम 5:30 बजे शुरू होगा, जबकि सांस्कृतिक कार्यक्रम शाम 5 बजे से आरंभ होंगे। आयोजकों ने लोगों से शाम 5:15 बजे से पहले अपनी सीट ग्रहण करने का आग्रह किया है।

द दलाई लामा'ज़ सीक्रेट टू हैप्पीनेस कॉफ़ी टेबल बुक का विमोचन किया

टीम एक्शन इंडिया

शिमला। प्रख्यात उद्योगपति,समाजसेवी, लेखक एवं आध्यात्मिक चिंतक डॉ. दिनेश शाहरा को हिज होलीनेस 14वें दलाई लामा से भेंट करने तथा उनके 90वें जन्मदिवस के अवसर पर प्रकाशित एक विशेष कॉफ़ी टेबल बुक भेंट करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।यह विशेष कॉफ़ी टेबल बुक हिज होलीनेस दलाई लामा के जीवन,उनके वैश्विक योगदान तथा करुणा, प्रसन्नता, शांति और मानवीय जिम्मेदारी के संदेश को समर्पित है। इसमें उन सेवा पहलों और सामाजिक प्रभाव वाले कार्यक्रमों का संकलन प्रस्तुत किया गया है जो उनकी शिक्षाओं से प्रेरित होकर विभिन्न संस्थाओं और व्यक्तियों द्वारा संचालित किए गए हैं।यह प्रकाशन दलाई लामा के उस सार्वकालिक संदेश को श्रद्धांजलि अर्पित करता है,जिसने विश्वभर में करोड़ों लोगों को अधिक संवेदनशील, शांतिपूर्ण और उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा दी है। आज के तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य में भी उनके विचार पहले की तरह ही प्रासंगिक और मार्गदर्शक बने हुए हैं।डॉ. शाहरा ने कहा, हिज होलीनेस दलाई लामा मेरे जीवन के प्रमुख प्रेरणा-स्रोतों में से एक रहे हैं।उनकी शिक्षाएँ हमें प्रतिस्पर्धा के स्थान पर करुणा, स्वार्थ के स्थान पर सेवा और विभाजन के स्थान पर मानवता को चुनने की प्रेरणा देती हैं। उनका यह संदेश कि जीवन का उद्देश्य प्रसन्न रहना है आज भी विश्वभर में लाखों लोगों का मार्गदर्शन कर रहा है।

अपनी पुस्तक द दलाई लामा'ज़ सीक्रेट टू हैप्पीनेस में मैंने विस्तार से बताया है कि किस प्रकार उनकी शांति, करुणा और आंतरिक आनंद की शिक्षाएँ आज के तनावपूर्ण और तीव्र गति वाले जीवन में अत्यंत प्रासंगिक हैं। उनका संपूर्ण जीवन निस्वार्थ सेवा, सह-अस्तित्व, मानवीय संवेदनशीलता और वैश्विक सद्भाव का जीवंत उदाहरण है।

कांगड़ा को पर्यटन राजधानी बनाने का दावा हवा-हवाई, पूर्व विधायक प्रवीन कुमार ने सुक्खू सरकार को घेरा

टीम एक्शन इंडिया

कांगड़ा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का कांगड़ा को हिमाचल प्रदेश की 'पर्यटन राजधानी' बनाने का एलान साढ़े तीन साल बाद भी सिर्फ कागजों में ही सिमट कर रह गया है। धरातल पर पर्यटन को पंख लगाने की कोई ठोस शुरुआत नहीं दिख रही है। इस सुस्त रफ्तार पर तीखा हमला बोलते हुए पालमपुर के पूर्व विधायक और 'इन्साफ' संस्था के अध्यक्ष प्रवीन कुमार ने सुक्खू सरकार को आईना दिखाया है। उन्होंने साफ कहा कि अगर सरकार वाकई कांगड़ा का कायाकल्प करना चाहती है, तो जिला के सभी विधायकों को दलीय राजनीति से ऊपर उठकर 'आदि हिमानी चामुंडा मंदिर' को माता वैष्णो देवी की तर्ज पर विकसित करने का बीड़ा उठाना होगा। पूर्व विधायक ने विधायकों को याद दिलाया कि प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल के मुख्यमंत्री रहते हुए यह नियम बनाया गया था कि कोई भी विधायक

अपनी निधि का पैसा अपने क्षेत्र से बाहर भी पूरे जिले में कहीं भी विकास कार्यों के लिए दे सकता है। ऐसे में आदि हिमानी चामुंडा मंदिर जैसे पवित्र और ऐतिहासिक स्थल को संवारने के लिए अपनी विधायक निधि से योगदान देने का इससे बड़ा और पवित्र मौका नहीं हो सकता। प्रवीन कुमार ने मंदिर की बदहाली का कच्चा चिट्ठा खोलते हुए बताया कि उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान काफी कड़े संघर्ष और लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद धूमल सरकार से इस मंदिर का विलय चामुंडा नंदिकेश्वर न्यास में करवाया था। उस समय मंदिर भवन का खाका तैयार हुआ, पीने के पानी की योजना बनी, रास्ते के सुधार के लिए तत्कालीन सांसद शांता कुमार से बजट मिला, रोपवे का सर्वे हुआ और यहां तक कि हेलिकॉप्टर सेवा भी शुरू करवा दी गई थी। लेकिन आज सरकारी लापरवाही के कारण मंदिर भवन का निर्माण कछुए की चाल से चल रहा है। शांता कुमार की सांसद निधि से मिले 50 लाख रुपये से साढ़े चार किलोमीटर का जो रास्ता बना था, वह आज भी अधूरा लटका हुआ है। सबसे बड़ी नाकामी यह रही कि रोपवे का टेंडर होने और लंबी प्रक्रिया के बाद भी निर्माण कंपनी काम बीच में ही छोड़कर भाग गई। मौजूदा समय में हेलिकॉप्टर सेवा पूरी तरह ठप है और पीने के पानी की योजना खुद अपने आंसुओं पर रो रही है।

शिमला शहर के 10 चिन्हित स्थानों पर सार्वजनिक बैठक, धरना प्रदर्शन करने पर रोक

टीम एक्शन इंडिया

कांगड़ा। जिला दंडाधिकारी शिमला अनुपम कश्यप ने आज यहाँ पंजाब राज्य सुरक्षा अधिनियम, 1953 की धारा 6 के तहत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी किए हैं जिसके तहत सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए शिमला शहर के छोटा शिमला से रिज व कैनेडी हाउस तक, रेंडेजवॉयस रेस्तरां से रिवोली सिनेमा तक 150 मीटर दूरी तक, स्कैंडल पॉइंट से काली बाड़ी मंदिर तक, छोटा शिमला गुरुद्वारा से लिंक रोड छोटा शिमला-कसुम्पटी रोड, छोटा शिमला चौक से लोक भवन से ओक ओवर तक, छोटा शिमला गुरुद्वारा से सट्टी सीढ़ियाँ और पैदल रास्ता जो कसुम्पटी सड़क की ओर, कार्ट रोड से मजीठा हाउस लिंक रोड तक, ए.जी. कार्यालय से कार्ट रोड, सी.पी.डब्ल्यू.डी. कार्यालय से चौड़ा मैदान और उपायुक्त कार्यालय के ऊपर पुलिस गुमटी से लोअर बाजार की ओर 50 मीटर की दूरी तक सभी स्थलों पर सार्वजनिक बैठक आयोजित करने, जुलूस व रैलियां निकालने, प्रदर्शन करने, नारे लगाने, बैंड बजाने और अपराध की मंशा से हथियार के रूप में इस्तेमाल की जाने वाली वस्तुओं को ले जाने पर पूर्ण रूप से रोक लगाई गई है।

यह आदेश अपने कर्तव्यों का पालन करते समय पुलिस, अर्धसैनिक व सैन्य कर्मियों पर लागू नहीं होगा।

सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने की तात्कालिकता और आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए यह आदेश तत्काल प्रभाव से पारित किया गया है जो 31 जुलाई, 2026 तक प्रभावी रहेगा। आदेशानुसार उपरोक्त सभी प्रतिबंधित स्थलों पर कार्यक्रमों की अनुमति सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त करनी होगी।

मुख्यमंत्री जनमत खो चुके हैं, बौखलाहट में भाजपा नेतृत्व पर कर रहे हैं अनर्गल टिप्पणी : राकेश जमवाल

घोषणा

मंडी नगर निगम चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री ने बड़े-बड़े वादे किए, करोड़ों की घोषणाएं की

टीम एक्शन इंडिया

शिमला। भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक राकेश जमवाल ने कहा कि स्थानीय निकायों और पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव परिणाम आने के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री लगातार जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। चुनावी परिणामों ने कांग्रेस सरकार की वास्तविक स्थिति उजागर कर दी है, जिसके कारण मुख्यमंत्री बौखलाहट में भाजपा और उसके नेतृत्व पर निराधार टिप्पणियां कर रहे हैं। राकेश जमवाल ने कहा कि स्थानीय निकाय चुनावों के महत्व को भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा गंभीरता से लिया है। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर मतदान किया और लोकतंत्र को मजबूत करने का कार्य किया। लेकिन मुख्यमंत्री यह स्पष्ट करें कि उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र में जाकर मतदान किया या नहीं। जनता जानना चाहती है कि मुख्यमंत्री स्वयं किस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने का दावा करते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा बार-बार भाजपा नेतृत्व को लेकर की जा रही टिप्पणियां उनके पद की गरिमा के अनुरूप नहीं हैं। प्रदेश की जनता जानती है कि भाजपा का नेतृत्व प्रदेशभर में स्वीकार्य है और जनता का विश्वास भाजपा के साथ लगातार बढ़ रहा है। जमवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री यह कहकर जनता के जनादेश का अपमान कर रहे हैं कि भाजपा की जीत का श्रेय किसी को नहीं मिलना चाहिए। सच्चाई यह है कि भाजपा के संगठन, नेतृत्व, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं की सामूहिक मेहनत तथा जनता के विश्वास के कारण भाजपा ने ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि चार नगर निगमों में हुए चुनावों में तीन नगर निगमों — मंडी, धर्मशाला और सोलन — में भाजपा ने स्पष्ट बहुमत प्राप्त किया है। मंडी नगर निगम में 14 में से 12 सीटों पर जीत दर्ज कर भाजपा ने कांग्रेस का लगभग सफाया कर दिया। धर्मशाला और सोलन में भी जनता ने भाजपा के पक्ष में स्पष्ट जनादेश दिया है। इसके बावजूद मुख्यमंत्री का यह कहना कि भाजपा नहीं जीती, वास्तविकता से आंखें मूंदने जैसा है। राकेश जमवाल ने कहा कि जिला परिषद चुनावों में भी भाजपा ने कांग्रेस की तुलना में कई गुना अधिक सीटें जीती हैं। भाजपा ने विधिवत अपने प्रत्याशियों की घोषणा की थी और जनता ने उन प्रत्याशियों पर विश्वास जताया। मुख्यमंत्री चाहें तो पूरे प्रदेश के परिणामों का आंकलन कर सकते हैं।

पंचायत समिति राजगढ़ के फाइनल चुनाव नतीजे

टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

नाहन। राजगढ़ विकास खंड में पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव की मतगणना रविवार को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न हुई। मतगणना के उपरांत रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारि राजकुमार ठाकुर ने बताया कि सभी निर्वाचन क्षेत्रों के परिणाम घोषित कर दिए गए। वार्ड संख्या 3 (नेहरटी बघोट) से सरिता देवी तथा वार्ड संख्या 4 (हाब्बन) से नीलम निर्विरोध पंचायत समिति सदस्य निर्वाचित घोषित की जा चुकी थीं। वार्ड संख्या 1 (कोटी पधोग) में सुदर्श कुमार ने 1271 मत प्राप्त किए, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी संदीप कुमार को 731 मत मिले। इस प्रकार सुदर्श कुमार ने 540 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। वार्ड संख्या 2 (शाया सनोरा) से रंजू बाला ने 813 मत प्राप्त कर मीरा देवी (630 मत) को 183 मतों से पराजित किया। वार्ड संख्या 5 (दाहन) में देवेन्द्र कुमार को 792 मत मिले, जबकि निखिल को 526 मत प्राप्त हुए। देवेन्द्र कुमार ने 266 मतों के अंतर से विजय हासिल की। वार्ड संख्या 6 (बोहल टालिया) में विवेक पलाहा को 756 मत मिले, जबकि सुदेश को 707 मत प्राप्त हुए। विवेक पलाहा ने 49 मतों के करीबी अंतर से जीत दर्ज की। वार्ड संख्या 7 (दीदग) से राजेश ने 1254 मत प्राप्त किए, जबकि यशवंत सिंह को 958 मत मिले। राजेश ने 296 मतों से जीत हासिल की। वार्ड संख्या 8 (भुईरा) में सुखी देवी को 1295 मत प्राप्त हुए, जबकि मीरा देवी को 611 मत मिले। सुखी देवी ने 684 मतों के भारी अंतर से जीत दर्ज की। वार्ड संख्या 9 (काथली भरण) में सुनील कुमार को 1045 मत तथा नरेश कुमार को 978 मत मिले। सुनील कुमार ने 67 मतों से विजय प्राप्त की। वार्ड संख्या 10 (टिक्कर) में भूपेंद्र सिंह को 1112 मत मिले, जबकि कपिल देव को 495 मत प्राप्त हुए। भूपेंद्र सिंह ने 617 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। वार्ड संख्या 11 (करगाणु) से पुष्पा ने 1399 मत प्राप्त कर कमलेश देवी (1084 मत) को 315 मतों से हराया।

वार्ड संख्या 12 (शिलांजी) में सीमा देवी को 936 मत तथा अंजना कुमारी को 872 मत मिले। सीमा देवी ने 64 मतों के अंतर से जीत हासिल की।

वार्ड संख्या 13 (राणाघाट) में निशा ने 722 मत प्राप्त किए

फर्जी पत्रकार ने जबरन पंचायत चुनाव में 11हजार हड़प लिए, एफआईआर दर्ज

एसपी जैरथ

नाहन। पंचायती राज चुनाव में वसूली के लिए फर्जी पत्रकारो का बोलबाला होने की सूचनाएं मिल रही थीं। इसी कड़ी में हरियाणा की और आए एक फर्जी पत्रकार ने ग्रामीण क्षेत्र में जाकर पहले जबरन इंटरव्यू लिया,फिर डरा धमका कर 11हजार हड़प लिए, शिकायत मिलने के बाद पुलिस स्टेशन नाहन में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। जिले के एसपी एनएस नेगी ने बताया कि अनिल कुमार ठाकुर पुत्र स्व0 शादी राम, निवासी गांव व डा0 पंजाहल, तह0 नाहन ने शिकायत पर आरोपी फर्जी पत्रकार के खिलाफएफआईआर दर्ज की गई है।

एसपी ने बताया कि शिकायत के अनुसार दिनांक 21 मई को कृति भूमि न्यूज चैनल के सतीश कुमार अपने चालक हरि दत्त शर्मा के साथ कार नं0 HR-02BB-0944 में पंजाहल आए। दोनों ने बिना अनुमति जबरदस्ती उनका इंटरव्यू लिया और डरा-धमकाकर 11,000/- रुपये की रसीद काटकर पैसे ले गए।

शिमला शहर के 10 चिन्हित स्थानों पर सार्वजनिक बैठक, धरना प्रदर्शन करने पर रोक

टीम एक्शन इंडिया

शिमला। जिला दंडाधिकारी शिमला अनुपम कश्यप ने आज यहाँ पंजाब राज्य सुरक्षा अधिनियम, 1953 की धारा 6 के तहत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी किए हैं जिसके तहत सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए शिमला शहर के छोटा शिमला से रिज व कैनेडी हाउस तक, रेंडेजवॉयस रेस्तरां से रिवोली सिनेमा तक 150 मीटर दूरी तक, स्कैंडल पॉइंट से काली बाड़ी मंदिर तक, छोटा शिमला गुरुद्वारा से लिंक रोड छोटा शिमला-कसुम्पटी रोड, छोटा शिमला चौक से लोक भवन से ओक ओवर तक, छोटा शिमला गुरुद्वारा से सट्टी सीढ़ियाँ और पैदल रास्ता जो कसुम्पटी सड़क की ओर, कार्ट रोड से

मजीठा हाउस लिंक रोड तक, ए.जी. कार्यालय से कार्ट रोड, सी.पी.डब्ल्यू.डी. कार्यालय से चौड़ा मैदान और उपायुक्त कार्यालय के ऊपर पुलिस गुमटी से लोअर बाजार की ओर 50 मीटर की दूरी तक सभी स्थलों पर सार्वजनिक बैठक आयोजित करने, जुलूस व रैलियां निकालने, प्रदर्शन करने, नारे लगाने, बैंड बजाने और अपराध की मंशा से हथियार के रूप में इस्तेमाल की जाने वाली वस्तुओं को ले जाने पर पूर्ण रूप से रोक लगाई गई है।यह आदेश अपने कर्तव्यों का पालन करते समय पुलिस, अर्धसैनिक व सैन्य कर्मियों पर लागू नहीं होगा। सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने की तात्कालिकता और आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए यह आदेश तत्काल प्रभाव से पारित किया गया है

द सोलन मात्सोगी-डो मार्शल आर्ट्स अकादमी, सेक्टर-2, गवर्नमेंट स्कूल के समीप, परवाणू में इंटर स्कूल मात्सोगी-डो प्रतियोगिता 2026 का भव्य आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
विमल ग्रोवर

परवाणू। द सोलन मात्सोगी-डो मार्शल आर्ट्स अकादमी, सेक्टर-2, गवर्नमेंट स्कूल के समीप, परवाणू में इंटर स्कूल मात्सोगी-डो प्रतियोगिता 2026 का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में परवाणू सेक्टर-2, सेक्टर-4, पिंजौर तथा हिमशिखा अकादमी के अनेक खिलाड़ियों ने भाग लेकर विभिन्न वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और पदक हासिल किए। प्रतियोगिता के समापन समारोह में नगर परिषद परवाणू की पूर्व अध्यक्ष मोनिशा शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर नगर परिषद परवाणू की पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी शर्मा, निशा शर्मा, टकसाल पंचायत के नवनिर्वाचित प्रधान संजीव कुमार, नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य

सुमित शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अपने संबोधन में मुख्यातिथि मोनिशा शर्मा ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक रूप से मजबूत नहीं बनाते, बल्कि बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक सोच का भी विकास करते हैं। उन्होंने कहा कि आज के समय में खेल शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम बन चुके हैं। उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों को खेल गतिविधियों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया और कहा कि मार्शल आर्ट्स आत्मरक्षा के साथ-साथ जीवन में कठिन परिस्थितियों का सामना करने का साहस भी प्रदान करता है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आयोजकों को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं।

संक्षिप्त खबरें

शारीरिक शिक्षक (जॉब ट्रेनी) के 14 रिक्त पदों की बैचवार भर्ती के लिए काउंसलिंग 03 से 09 जून तक

टीम एक्शन इंडिया

सोलन। ज़िला सोलन में शारीरिक शिक्षक (जॉब ट्रेनी) के 14 रिक्त पदों को बैचवार आधार पर भरने के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया 03 से 09 जून, 2026 तक आयोजित की जाएगी। यह जानकारी उप निदेशक स्कूल शिक्षा (प्रारम्भिक) सोलन ने दी। उन्होंने कहा कि सोलन ज़िला में शारीरिक शिक्षक के कुल 14 पद हैं। इनमें 06 पद अनारक्षित, 02 पद आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग, 02 पद अन्य पिछड़ा वर्ग (अनारक्षित), 03 पद अनुसूचित जाति वर्ग (अनारक्षित) तथा 01 पद अनुसूचित जनजाति वर्ग (अनारक्षित) के लिए है। उन्होंने कहा कि उम्मीदवार को अपने गृह ज़िला में निर्धारित प्रपत्र पर ज़िलों की प्राथमिकताओं का क्रम भरकर देना होगा। उन्होंने कहा कि एक बार दी गई प्राथमिकता को किसी भी परिस्थिति में बदला नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि उम्मीदवारों को अपने गृह ज़िला में ही काउंसलिंग के लिए उपस्थित होना होगा। उम्मीदवारों को अपने गृह ज़िला में ही सभी 12 ज़िलों की प्राथमिकताएं प्रस्तुत करनी हैं। उच्च न्यायालय के आदेशानुसार निर्धारित मापदण्ड पूर्ण करने वाला उम्मीदवार 12 ज़िलों में से किसी भी ज़िला में भर्ती के लिए पात्र है। उन्होंने कहा कि शारीरिक शिक्षक के पद के लिए उम्मीदवार का भर्ती एवं पदोन्नति नियम 10 जनवरी, 2011 के अनुसार निर्धारित योगयता पूर्ण करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भर्ती एवं पदोन्नति नियम की प्रतिलिपि विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है। उप निदेशक ने कहा कि ज़िला सोलन में शारीरिक शिक्षक पदों के लिए रोज़गार कार्यालय द्वारा प्रेषित उम्मीदवारों के नाम की सूची कार्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

दानाघाटों जिला परिषद वार्ड में पोती ने दादी को हराया

टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

नाहन। जिला सिरमौर की नवनिर्वाचित जिला परिषद में इस बार कई नए और शिक्षित चेहरे शामिल हुए हैं। इनमें श्रीरेणुकाजी विधानसभा क्षेत्र के दानाघाटों जिला परिषद वार्ड से निर्वाचित अंकिता ठाकुर विशेष चर्चा में हैं। बेंगलुरु की एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में सफल करियर छोड़कर अपने गृह क्षेत्र लौटीं अंकिता ने पहली ही राजनीतिक परीक्षा में जीत दर्ज कर जिला परिषद सदस्य बनने का गौरव हासिल किया है।37 वर्षीय अंकिता ठाकुर ने जेपी विश्वविद्यालय वाकनाघाट से कंप्यूटर साइंस में बीटेक तथा चंडीगढ़ विश्वविद्यालय से सूचना प्रौद्योगिकी में एमबीए की डिग्री प्राप्त की है। उच्च शिक्षा हासिल करने के बाद उन्होंने करीब एक दशक तक बेंगलुरु स्थित बहुराष्ट्रीय कंपनी में सेवाएं दीं। कुछ समय पहले ही वह नौकरी छोड़कर अपने क्षेत्र लौटी थीं। दानाघाटों जिला परिषद वार्ड महिला (सामान्य) के लिए आरक्षित होने पर भाजपा ने अंकिता ठाकुर को उम्मीदवार बनाया। चुनाव में उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए 10,939 मत प्राप्त किए और कांग्रेस प्रत्याशी राधा देवी को 3,222 मतों के अंतर से पराजित किया। राधा देवी को 7,717 मत मिले।अंकिता ठाकुर का परिवार लंबे समय से क्षेत्रीय राजनीति से जुड़ा रहा है। उनके दादा सहीराम ठाकुर पंचायत समिति संगड़ाह के अध्यक्ष रह चुके हैं। वहीं उनके पिता बलबीर सिंह ठाकुर भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य हैं। परिवार की राजनीतिक सक्रियता और क्षेत्र में मजबूत जनसंपर्क का लाभ भी उन्हें चुनाव में मिला। राजनीतिक दृष्टि से भी यह जीत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

पंचायती राज चुनाव में कांग्रेस ???जनाधार खो चुकी, मुख्यमंत्री त्यागपत्र दें : मेलाराम शर्मा

टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

नाहन। सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने जिले में पंचायती राज चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर कांग्रेसी नेताओं को आड़े हाथों लिया है । मीडिया को जारी बयान में जिला प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सिरमौर जिले सहित पूरे हिमाचल प्रदेश में अपना जनाधार खो चुकी है और इस पार्टी को सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है । उन्होंने कहा कि प्रदेश के कांग्रेस अध्यक्ष के अपने ही रेणुका चुनाव क्षेत्र में तीनों जिला परिषद वार्डों में कांग्रेस बुरी तरह हार चुकी है और इस हार के मद्देनजर अब कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार को सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि यह हिमाचल के इतिहास में पहली बार हुआ है जब किसी पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष अपने ही चुनाव क्षेत्र में जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों को जिताने में नाकाम हुआ हो। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की 4 साल की जनता विरोधी कारगुजारियों के कारण कांग्रेसी प्रत्याशियों को हार का सामना करना पड़ा है और जनता ने कांग्रेस के कुशासन और जनविरोधी नीतियों का करारा जवाब दिया है। मेलाराम शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार की कांग्रेस सरकार ने जनता को झूठी गारंटीयां देकर सत्ता हत्याई थी लेकिन 4 साल का लंबा अंतराल बीत जाने के बाद भी इस सरकार ने एक भी गारंटी पूरी नहीं की । इसलिए लोगों ने पंचायती राज चुनाव लड़ रहे हैं कांग्रेस प्रत्याशियों को धूल चटाई है

जनगणना-2027 के प्रथम चरण हेतु मकान सूचीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

धर्मशाला, भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण कार्य के लिए नगर निगम धर्मशाला क्षेत्र में नियुक्त पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनगणना-2027 के लिए नगर निगम धर्मशाला में नियुक्त अधिकारी रजिन्दर कुमार ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा उन्हें जनगणना के महत्व, उद्देश्य और इसके प्रमुख वैधानिक प्रावधानों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि जनगणना देश की विकास योजनाओं और नीतियों के निर्माण का महत्वपूर्ण आधार है, इसलिए इस कार्य को पूर्ण जिम्मेदारी एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न करना आवश्यक है।

पंचायत समिति मशोबरा के चुनाव के फाइनल नतीजे

टीम एक्शन इंडिया

शिमला । मशोबरा विकास खंड में पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव की मतगणना रविवार को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न हुई। मतगणना के उपरांत निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम ग्रामीण शिमला मंजीत शर्मा ने बताया कि सभी निर्वाचन क्षेत्रों के परिणाम घोषित कर दिए गए।

वार्ड संख्या 01 (गुम्मा) से गोपाल सिंह ने 560 मत लेकर अपने प्रतिद्वंदी यशपाल को 173 मतों के अंतर से जीत हासिल की । जबकि वार्ड संख्या 02 (बल्देयां) से सुनिता निर्विरोध पंचायत समिति सदस्य पहले ही चुनी गई थी । वार्ड संख्या 3 (मशोबरा) में निरम सिंह ने 673 मत प्राप्त किए, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी उमाशंकर को 367 मत मिले। इस प्रकार निरम सिंह ने 306 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। वार्ड संख्या 4 (मूलकोटी) से कमला देवी ने 854 मत प्राप्त कर रेशमा देवी (796 मत) को 58 मतों से पराजित किया। वार्ड संख्या 5 (बरमू केल्टी) में राधा देवी को 612 मत मिले, जबकि मनुकंवर को 580 मत प्राप्त हुए। राधा देवी ने 32 मतों के अंतर से विजय हासिल की। वार्ड संख्या 6 (दरभोग) में मेहतेन्द्र सिंह को 825 मत मिले, जबकि कृष्णा नंद को 484 मत प्राप्त हुए। मेहतेन्द्र सिंह ने 341 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। वार्ड संख्या 7 (सतलाई) से दौलत राम ने 1125 मत प्राप्त किए, जबकि बाबूराम को 580 मत मिले। दौलत राम ने 545 मतों से जीत हासिल की। वार्ड संख्या 8 (कोटी) में हेमावती को 762 मत प्राप्त हुए, जबकि रंजना को 718 मत मिले। हेमावती ने 44 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। वार्ड संख्या 9 (जनेडघाट) में वीना को 1310 मत तथा संतोष को को 905 मत मिले। वीना ने 405 मतों से विजय प्राप्त की।

ज़िला प्रशासन युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखने के लिए प्रतिबद्ध-मनमोहन शर्मा

शुभारंभ

सोलन ज़िला में एंटी चिट्टा जागरूकता अभियान के द्वितीय चरण का शुभारम्भ

टीम एक्शन इंडिया
मनीष

सोलन। उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रखने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। मनमोहन शर्मा आज यहां केन्द्रीय माध्यमिक बोर्ड के साथ सम्बद्ध राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सोलन में एंटी चिट्टा जागरूकता अभियान के द्वितीय चरण के शुभारम्भ के उपरांत उपस्थित छात्रों, अध्यापकों एवं अन्य को सम्बोधित कर रहे थे।

मनमोहन शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह ठाकुर के दिशा-निर्देशानुसार प्रदेश में युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखने और चिट्टा जैसे मादक पदार्थ के समूल नाश के लिए सघन अभियान कार्यान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत सभी ज़िलों में युवा शक्ति की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा प्रदान करने और मादक पदार्थों से उन्हें दूर रखने के लिए सभी स्तरों पर विभिन्न कार्यक्रम एवं लक्ष्य केन्द्रित अभियान चलाए जा रहे हैं। इन अभियानों का उद्देश्य समाज को चिट्टा जैसे मादक पदार्थों के विरुद्ध एकजुट करना तथा विभिन्न विभागों, स्वयं सेवी संस्थाओं और आमजन के समन्वित सहयोग से नशे को समाप्त करना है।

उपायुक्त ने कहा कि युवाओं को नशे को न कहना सीखना है और अपने साथियों को भी इस ज़हर से दूर रखना है। उन्होंने कहा कि आज के छात्र कल देश और प्रदेश को आगे ले जाने में सहायक बनेंगे। युवा पीढ़ी का मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रहना न केवल युवाओं के लिए अपितु पूरे समाज के लिए आवश्यक है। मनमोहन शर्मा ने कहा कि चिट्टा जैसा नशा युवाओं को एक ओर जहां धीरे-धीरे पूर्ण रूप से अक्षम बनाता है वहीं आर्थिक कमज़ोरी एवं सामाजिक बहिष्कार का कारण भी बनता है। उन्होंने कहा कि यदि युवा ठान लें तो किसी भी प्रकार के नशे के चंगुल में उन्हें नहीं फंसाया जा सकता।

उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि समाज और परिवार के साथ-साथ अपने भविष्य के लिए नशे से दूर रहें। उन्होंने आशा जताई कि युवा नशे के विरुद्ध सदैव एकजुट रहेंगे

पुरुवाला में मारपीट और धमकी की शिकायत पर पुलिस जांच शुरू

टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

नाहन। पुलिस को दिए बयान में सुखदेव सिंह पुत्र राम प्रकाश निवासी गांव ज्वालापुर, डाकघर निहालगढ़, तहसील पांवटा साहिब, उम्र 38 वर्ष ने बताया कि 30 मई 2026 को निहालगढ़ ग्राम पंचायत के चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद वह अपने घर ज्वालापुर की ओर जा रहा था। शिकायतकर्ता के अनुसार घर के समीप स्थित तिलक राज चौधरी के पीजी परिसर में वह कुछ समय के लिए बैठा हुआ था। इसी दौरान वहां एक व्यक्ति पहुंचा, जिसके साथ उसका विवाद हुआ। शिकायतकर्ता ने घटना की जानकारी पुलिस को देते हुए आवश्यक कार्रवाई की मांग की। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि संबंधित व्यक्ति अपने हाथ में डंडा लेकर मौके पर पहुंचा और उसके साथ गाली-गलौच की। शिकायतकर्ता के अनुसार इसके बाद उसके साथ मारपीट की गई तथा जान से मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस को दिए बयान में उसने कहा है कि घटना के दौरान उसे चोटें आई हैं। शिकायत में घटना का समय पंचायत चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद का बताया गया है। पुलिस ने शिकायतकर्ता के बयान को रिकॉर्ड कर मामले की जांच प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्राप्त शिकायत और दर्ज बयान के आधार पर पुलिस थाना पुरुवाला में भारतीय न्याय संहिता (ब्र्हस) की धारा 115(2), 351(2) और 352 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शिकायत में लगाए गए आरोपों को रिकॉर्ड करते हुए संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत अभियोग पंजीकृत किया है। मामले से जुड़े तथ्यों और परिस्थितियों की जांच के लिए आवश्यक दस्तावेजी और अन्य साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं।

देहरा सीयू की जलापूर्ति योजना निर्माण के चलते 3 जून रात्रि को यातायात के लिए बंद रहेगा मार्ग

धर्मशाला, उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए अधिसूचना जारी की है कि राष्ट्रीय राजमार्ग-503 देहरा पर जलापूर्ति पाइपलाइन बिछाने के कार्य के चलते यातायात को अस्थायी रूप से डायवर्ट किया जाएगा। हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय कैंपस के मुख्य गेट, पृथ्वी राज चैक तथा हनुमान चैक, देहरा पर सड़क क्रॉसिंग का कार्य किया जाएगा। इन स्थानों पर निर्माण कार्य के दौरान 3 जून की रात 10 बजे से 4 जून की सुबह 2 बजे तक के लिए वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। इस दौरान गाड़ियों की आवाजाही के लिए हनुमान चौक से खबली चौक वाया धवाला चौक का उपयोग किया जा सकता है।

ज़िला परिषद सोलन के परिणाम घोषित

टीम एक्शन इंडिया

सोलन। ज़िला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि ज़िला परिषद सोलन के सभी 17 वार्डों के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। मनमोहन शर्मा ने कहा कि वार्ड नम्बर-1 दाडला से मीनाक्षी ठाकुर को विजयी घोषित किया गया। इस वार्ड में इन्दु शर्मा को 4530, बनीता देवी को 3728, मीनाक्षी ठाकुर को 5458 तथा सीमा देवी को 4757 मत प्राप्त हुए। कुल मतदान 18983 रहा। इनमें विधि मान्य मत 18473, अस्वीकृत मत 309 तथा नोटा को प्राप्त मत 201 रहे। ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि वार्ड नम्बर-2 सूरजपुर से शशी कान्त को विजयी घोषित किया गया। इस वार्ड में कपिल देव को 4846, कृष्ण देव 614, मनोहर लाल 1236, रमेश चन्द को 5151 तथा शशी कान्त 6758 मत प्राप्त हुए। कुल मतदान 19217 रहा। इनमें विधि मान्य मत 18605, अस्वीकृत मत 394 तथा नोटा को प्राप्त मत 218 रहे।

उन्होंने कहा कि वार्ड नम्बर-3 डुमैहर से आशा परिहार को विजयी घोषित किया गया। इस वार्ड में आशा परिहार 12413 तथा सरिता को 7456 मत प्राप्त हुए। कुल मतदान 20769 रहा। इनमें विधि मान्य मत 19869, अस्वीकृत मत 371 तथा नोटा को प्राप्त मत 519 रहे।

उन्होंने कहा कि वार्ड नम्बर-4 वाकना से हरि चंद को विजयी घोषित किया गया। इस वार्ड में अजय सिंह को 118, कृष्ण कुमार को 2123, पिकेश वर्मा को 2391, रणजीत को 1234, विकास शर्मा को 109, विवेका नन्द परिहार को 1696, सुनील कुमार को 169, हरि चंद को 3053 तथा हिमेश शर्मा को 1768 मत प्राप्त हुए। कुल मतदान 12983 रहा। इनमें विधि मान्य मत 12661, अस्वीकृत मत 242 तथा नोटा को प्राप्त मत 80 रहे।

मनमोहन शर्मा ने कहा कि वार्ड नम्बर-5 धंगील से अमित कुमार को विजयी घोषित किया गया।

संपादकीय

अमेरिका में भारत व हिंदू विरोधी ताकतें फिर सक्रिय

पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजय के बाद अमेरिका में बैठा भारत व हिन्दू विरोधी गैंग फिर से जाग उठा है क्योंकि बंगाल लहराता भगवा उसे पसंद नहीं आ रहा है। बंगाल में हिंदुत्व की विजय से छद्म धर्मनिरपेक्ष लॉबी को नींद नहीं आ रही है। अमेरिका से जैसे समाचार आ रहे हैं उससे यह स्पष्ट हो रहा है कि बंगाल चुनावों के दौरान बीजेपी को रोकने के लिए जो प्रयास किए जा रहे थे उनको अमेरिकी डीप स्टेट का संरक्षण प्राप्त था। विगत दिनों सर्वोच्च न्यायालय में सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने सुनवाई के दौरान कॉकरोच शब्द का प्रयोग कर दिया देखते देखते अमेरिका मे बैठे कुछ लोगों ने इसे पकड़ लिया और कॉकरोच जनता पार्टी बना दी। इस पार्टी का संस्थापक आम आदमी पार्टी का ही संस्थापक सदस्य अभिजीत दीपके है। कॉकरोच जनता पार्टी के नाम पर कहा जाने लगा कि अगर युवाओ की बात नही सनी गई तो यह कॉकरोच जनता पार्टी जिसके दो करोड़ से अधिक सोशल मीडिया फॉलोअर बन चुके हैं, देश में क्रांति कर देगी। भारत की विरोधी पार्टियों ने कॉकरोजनता पार्टी को हाथों हाथ लिया और टीवी चैनलों पर बहस के दौरान इस पार्टी का भय दिखाने लगे। ये भूल गए कि धरातल पर भारतीय जनता पार्टी दुनिया के 14 करोड़ से अधिक कार्यकर्ता काम कर रहे हैं। अमेरिका की एक संस्था यूनाइटेड स्टेट्स कमीशन ऑन इंटरनेशनल रिलीजियस फ्रीडम कथित रूप से दुनिया भर में धार्मिक स्वतंत्रता के लिए काम करती है। ये संस्था स्वयं को धार्मिक आजादी की स्वयंभू पहरेदार और रक्षक मानती है। वास्तविकता यह है कि यह संस्था सनातन हिंदू धर्म के प्रति अपनी कुंठित मानसिकता के कारण जानी जाती है और अवसर मिलते ही हिंदुओं के प्रति विकृत घृणा का प्रदर्शन करती दिखाई देती है। यह संस्था हिंदुओं के प्रति नफरत से भरी हुई है । इस संस्था ने भारत में धार्मिक आजादी खतरे में हैह्व का दुष्प्रचार किया है। इस बार इसके निशाने पर तीन मुख्यमंत्री हैं उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ, असम के हिमंता बिस्वा सरमा और उत्तराखंड के पुष्कर सिंह धामी। पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत के बाद इस सूचि में स्वाभाविक रूप से शुभेंदु अधिकारी का नाम भी जुड़ गया है । इसी अमेरिकी संस्था की एक सुनवाई में अपने आप को तथाकथित मानवाधिकार कार्यकर्ता व पत्रकार बताने वाला रकीब हमीद नाइक भी पंहुचा और उसने इन लोकप्रिय मुख्यमंत्रियों पर जहर उगलते हुए इन पर रोक लगाने की मांग की। रकीब अहमद नाइक मूल रूप से कश्मीर का रहने वाला है और उसका एकमात्र कार्य भारत विरोध है। यह हिंदुत्व वाच के नाम से एक संगठन भी चलाता है जिसका काम हिंदुत्व को घृणा व नफरत के तौर पर ट्रैक करना। रकीब का ये संगठन भारत में भी हिंदू राष्ट्रवाद की निगरानी करता है।

नई दिल्ली कार्यालय
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

उत्तरी दिल्ली कार्यालय
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

चंडीगढ़ कार्यालय
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

पंजाब कार्यालय
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

करनाल कार्यालय
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

सोनीपत कार्यालय
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

शिमला कार्यालय
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

ऊना कार्यालय
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

देहरादून कार्यालय
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

क्लिक से पहले सोचें : सोशल मीडिया सुरक्षा के मूल मंत्र

सुनील कुमार महला

> “वास्तव में, केवल बच्चों को सोशल मीडिया से प्रतिबंधित करना ही पर्याप्त नहीं है। इसके लिए प्लेटफॉर्म कंपनियों को अपने एल्गोरिद्म और फीचर्स सुरक्षित बनाने होंगे। इतना ही नहीं, बच्चों का डेटा संग्रह और उसका व्यावसायिक उपयोग सीमित करने की आवश्यकता है तथा इसमें यह भी कहा गया है कि उनकी निजता की भी रक्षा की जानी चाहिए।सरल शब्दों में कहें तो आयोग का यह मानना है कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को इस तरह डिजाइन किया जाना चाहिए कि बच्चों की सुरक्षा, निजता और मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता मिले”

आज का युग सोशल नेटवर्किंग साइट्स, इंटरनेट,एआइ का युग है और कहना गलत नहीं होगा कि आज के समय में सोशल मीडिया बच्चों और किशोरों के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। हालांकि, इसके अनेक लाभ हैं, लेकिन इसके बढ़ते दुष्प्रभावों को लेकर दुनिया भर में चिंता भी बढ़ रही है। इसी कारण संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग ने बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नई मार्गदर्शिका जारी की है।इस क्रम में बहरहाल,यहां पर पाठकों को बताता चलूं कि संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय ने हाल ही में 'बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा सही रखना'(गेटिंग चिल्ड्रेन्स सेफ्टी आनलाइन राइट) नामक एक मार्गदर्शिका (गाइडलाइंस) जारी की है। इसका उद्देश्य सोशल मीडिया और अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को बच्चों तथा किशोरों के लिए अधिक सुरक्षित बनाना है। अब यहां प्रश्न यह उठता है कि आखिर यह मार्गदर्शिका क्यों जारी की गई है? तो इस प्रश्न का सीधा सा और सटीक उत्तर यह है कि आज बच्चे और किशोर इंटरनेट पर कई प्रकार के खतरों(जैसा कि संयुक्त राष्ट्र ने कहा है) का सामना कर रहे हैं, जैसे कि साइबर बुलिंग, ऑनलाइन यौन शोषण और उत्पीड़न,गोपनीयता (प्राइवेसी) का उल्लंघन, हिंसक, अश्लील या आत्महत्या को बढ़ावा देने वाली सामग्री, सोशल मीडिया की लत बढ़ाने वाले फीचर (इनफाइनाइट स्क्राल, आटो-प्ले, लगातार नोटिफिकेशन आदि) भ्रामक जानकारी और हेट स्पीच आदि। हाल फिलहाल, यदि हम यहां पर पर इस मार्गदर्शिका की प्रमुख बातों की बात करें तो इसमें 'सेफ बाइ डिजाइन' सिद्धांत को अपनाने की बात कही गई है। अर्थात ऐसे प्लेटफॉर्म्स की डिजाइन ही ऐसी हो कि बच्चों की सुरक्षा पहले से सुनिश्चित हो।

वास्तव में, केवल बच्चों को सोशल मीडिया से प्रतिबंधित करना ही पर्याप्त नहीं है। इसके लिए प्लेटफॉर्म कंपनियों को अपने एल्गोरिद्म और फीचर्स सुरक्षित बनाने होंगे। इतना ही नहीं, बच्चों का डेटा संग्रह और उसका व्यावसायिक उपयोग सीमित करने की आवश्यकता है तथा इसमें यह भी कहा गया है कि उनकी निजता की भी रक्षा की जानी चाहिए।सरल शब्दों में कहें तो आयोग का यह मानना है कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को इस तरह डिजाइन किया जाना चाहिए कि बच्चों की सुरक्षा, निजता और मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता मिले।

हानिकारक सामग्री, ऑनलाइन शोषण और साइबर बुलिंग को रोकने के लिए मजबूत निगरानी और शिकायत तंत्र विकसित किए जाने की आवश्यकता है। यह भी कहा गया है कि सरकारों को ऐसे कानून और नियम बनाने चाहिए जो बच्चों के डिजिटल अधिकारों और सुरक्षा दोनों को सुनिश्चित करें। संयुक्त राष्ट्र का यह कहना है कि बच्चों को इंटरनेट से दूर करना ही समस्या का समाधान नहीं है। उन्हें शिक्षा, संवाद और जानकारी के लिए डिजिटल दुनिया तक पहुंच भी चाहिए। इसलिए आवश्यक है कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म बच्चों के लिए सुरक्षित, जिम्मेदार और अधिकार-आधारित डिजिटल वातावरण तैयार करें। कहना गलत नहीं होगा कि वास्तव में यह मार्गदर्शिका सरकारों, टेक कंपनियों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के लिए एक दिशा-निर्देश है, ताकि किशोरों को ऑनलाइन दुनिया के खतरों से बचाते हुए उन्हें सुरक्षित डिजिटल वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

यहां पर यह गौरतलब है कि विश्व में कई देशों ने 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया उपयोग पर प्रतिबंध लगाने या उसे नियंत्रित करने की दिशा में कदम उठाए हैं।पाठक जानते होंगे कि ऑस्ट्रेलिया ने इस संबंध में कानून भी बना दिया है, जबकि फ्रांस, स्पेन, यूनान, डेनमार्क, इंडोनेशिया और मलेशिया जैसे देश भी ऐसे उपायों पर काम कर रहे हैं। हालांकि कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि पूर्ण प्रतिबंध लगाने से बच्चे अधिक जोखिम वाले और अनियंत्रित ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की ओर जा सकते हैं, जिससे खतरे और बढ़ सकते हैं। हाल फिलहाल, यहां पाठकों को बताता चलूं कि पिछले कुछ सालों में भारत में भी इंटरनेट और सोशल मीडिया का उपयोग करने वाले बच्चों की संख्या तेजी से बढ़ी है। सच तो यह है कि देश में स्मार्टफोन और सस्ते इंटरनेट की उपलब्धता ने बच्चों को कम उम्र में ही डिजिटल दुनिया से जोड़ दिया है। हाल के एनुअल स्टेटस आफ एजुकेशन रिपोर्ट(एएसईआर)-2024 सर्वेक्षण के अनुसार 14-16 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 82% बच्चे स्मार्टफोन चलाना जानते हैं, जबकि 76% बच्चे सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं। लगभग 90% बच्चों के घरों में स्मार्टफोन उपलब्ध है। भारत में 2024 की शुरूआत तक 75 करोड़ से अधिक इंटरनेट उपयोगकर्ता और 46 करोड़ से अधिक सोशल मीडिया उपयोगकर्ता थे, जिससे बच्चों की ऑनलाइन भागीदारी भी तेजी से बढ़ी है। बढ़ती डिजिटल पहुंच ने बच्चों को शिक्षा, जानकारी और संवाद के नए अवसर दिए हैं, लेकिन इसके साथ साइबर बुलिंग, ऑनलाइन शोषण, गोपनीयता के खतरे, फर्जी जानकारी और डिजिटल लत जैसी चुनौतियां भी बढ़ी हैं। इसी कारण बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा, डिजिटल साक्षरता और जिम्मेदार सोशल मीडिया उपयोग आज एक महत्वपूर्ण सामाजिक और नीतिगत विषय बन गया है।पाठक जानते हैं कि कोरोना महामारी के बाद ऑनलाइन शिक्षा और डिजिटल गतिविधियों के विस्तार से बच्चों की इंटरनेट पर निर्भरता काफी बढ़ गई है। कई रिपोर्टों के अनुसार लंबे समय तक सोशल मीडिया का उपयोग बच्चों की एकाग्रता, सोचने-समझने की क्षमता और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है। साइबर बुलिंग, ऑनलाइन शोषण, भ्रामक जानकारी और अनुचित सामग्री तक पहुंच जैसी समस्याएं भी गंभीर चिंता का विषय हैं।ऐसी स्थिति में केवल प्रतिबंध लगाना पर्याप्त समाधान नहीं माना जा सकता। आवश्यकता इस बात की है कि बच्चों को सुरक्षित डिजिटल वातावरण उपलब्ध कराया जाए। अभिभावकों की निगरानी, डिजिटल साक्षरता, सोशल मीडिया उपयोग की समय-सीमा, ऑटोप्ले और अनंत स्क्रॉलिंग जैसी सुविधाओं पर नियंत्रण तथा बच्चों के लिए सुरक्षित ऑनलाइन प्लेटफॉर्म विकसित करना महत्वपूर्ण कदम हो सकते हैं। भारत की परंपरा संतुलन और समग्र दृष्टिकोण की रही है, इसलिए यहां भी ऐसा समाधान खोजने की जरूरत है जो बच्चों को इंटरनेट के लाभों से वंचित किए बिना उन्हें सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से सुरक्षित रख सके।

स्वस्थ जीवन, स्वच्छ पर्यावरण और सतत भविष्य की ओर

सुरेश सिंह बैस शाश्वत

प्रतिवर्ष 3 जून को विश्व साइकिल दिवस मनाया जाता है। वर्ष 2018 में यूनाईटेड नेशन ने आधिकारिक रूप से इस दिवस को मान्यता दी थी। इसका उद्देश्य केवल साइकिल चलाने को बढ़ावा देना नहीं, बल्कि मानव स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा बचत और सतत विकास के प्रति वैश्विक जागरूकता उत्पन्न करना है। आज जब दुनिया प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा संकट और जीवनशैली जनित बीमारियों से जूझ रही है, तब साइकिल केवल एक साधारण वाहन नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के लिए आशा और समाधान का प्रतीक बनकर उभर रही है। एक समय था जब साइकिल भारतीय समाज की जीवनरेखा मानी जाती थी। गांवों से लेकर शहरों तक शिक्षक, विद्यार्थी, डाकिया, किसान और कर्मचारी साइकिल से ही अपने दैनिक कार्यों के लिए निकलते थे। सादगी, श्रम और आत्मनिर्भरता की पहचान रही साइकिल धीरे-धीरे आधुनिकता की अंधी दौड़ में उपेक्षित होने लगी। मोटर वाहनों की बढ़ती संख्या ने सड़कों को तो भर दिया, लेकिन वातावरण को धुएं, शोर और अव्यवस्था से भी भर दिया। आज महानगरों में घंटों का ट्रैफिक जाम, बढ़ता प्रदूषण और तनावपूर्ण जीवन इसी असंतुलित विकास का परिणाम है। ऐसे समय में साइकिल मानव जीवन को पुनः संतुलन की ओर ले जाने का माध्यम बन सकती है। वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि नियमित साइकिल चलाने से हृदय रोग, मधुमेह, मोटापा, उच्च रक्तचाप और मानसिक तनाव जैसी समस्याओं में कमी आती है। यह शरीर को सक्रिय रखती है और मन को भी सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करती है। आधुनिक जीवनशैली में जहां लोग कृत्रिम व्यायाम केंद्रों में स्वास्थ्य खोज रहे हैं, वहीं साइकिल स्वाभाविक और सहज स्वास्थ्य साधन के रूप में सामने आती है।

पर्यावरणीय दृष्टि से साइकिल सबसे स्वच्छ और टिकाऊ परिवहन साधनों में से एक है। यह न पेट्रोल मांगती है, न डीजल, न गैस और न ही बिजली। इससे कार्बन उत्सर्जन लगभग शून्य होता है। आज जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग की चिंता कर रही है, तब साइकिल पर्यावरण संरक्षण का सबसे सरल उपाय सिद्ध हो सकती है। यदि शहरों में छोटी दूरी के लिए लोग मोटर वाहनों के स्थान पर साइकिल का उपयोग करें तो प्रदूषण और ईंधन खपत दोनों में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। भारत जैसे विकासशील देश में साइकिल का महत्व सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से भी अत्यंत बड़ा है। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी लाखों लोग साइकिल पर निर्भर हैं। गरीब और मध्यम वर्ग के लिए यह सबसे सस्ता, सुलभ और विश्वसनीय परिवहन साधन है। अनेक राज्यों में छात्राओं को साइकिल वितरण योजनाओं ने शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन किए हैं। साइकिल ने केवल दूरी नहीं घटाई, बल्कि शिक्षा और आत्मविश्वास के रास्ते भी खोले हैं।

विचार

कब तक चलेगा अगली पेशी अगले साल का सिलसिला

मनोज कुमार अग्रवाल

अगली पेशी अगले साल यह देश की अदालतों में होता रहा है लेकिन हाल ही मे सुप्रीम कोर्ट ने न्याय में देरी को रोकने और पारदर्शिता लाने के लिए सभी हाईकोर्ट्स को सख्त निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत, सुनवाई के बाद सुरक्षित रखे गए सभी फैसले अधिकतम तीन महीने (90 दिन) के भीतर सुनाने अनिवार्य हैं। वहीं, जमानत से जुड़े मामलों में 24 घंटे के भीतर आदेश जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसा पहली बार नहीं है पूर्व में भी पूर्व सीजेआई सरकार और सत्तारूढ़ पार्टी के चुनाव घोषणा पत्र और सत्तारूढ़ नेता समय समय पर देश की न्याय व्यवस्था में देरी की समस्या का समाधान खोजने का वायदा दावा और बयान करते रहे हैं लेकिन हर बार ढाक के वहीं तीन पात। न्याय मे देरी का सिलसिला नया नहीं है, लेकिन जब अदालतें बहस पूरी होने के बाद भी वर्षों तक फैसले सुरक्षित रखती हैं, तो यह केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं रह जाती, बल्कि न्याय के मूल सिद्धांत पर सवाल खड़ा करती है। यह वह कड़वी सच्चाई है कि अदालतों में करोड़ों मामले लंबित हैं और न्याय की उम्मीद लिए लोग तारीख पर तारीख काटते रहते हैं। कई मामलों में फैसला तब आता है, जब पीड़ित की उम्र, आर्थिक शक्ति और मानसिक ऊर्जा लगभग खत्म चुकी होती है। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक है कि देर से मिला न्याय क्या सचमुच न्याय कहलाया जा सकता है? इस मामले में सुप्रीम कोर्ट कई बार निचली अदालतों को सचेत कर चुका है। एक बार फिर से हाईकोटों में फैसलों में हो रही देरी पर सुप्रीम कोर्ट गंभीर चिंता जताते हुए स्पष्ट कहा है कि किसी भी मामले में फैसला सुरक्षित रखने के बाद उसे तीन महीने के भीतर सुनाया जाना चाहिए। यदि तीन महीने तक फैसला नहीं आता है, तो हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को वह मामला चीफ जस्टिस के सामने रखना होगा। यह निर्देश केवल प्रशासनिक सुधार नहीं, बल्कि न्यायिक जवाबदेही की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सुप्रीम कोर्ट इसी गंभीर स्थिति पर सख्त रुख अपनाते हुए जो दिशा-निर्देश जारी किए हैं, वे न्याय व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही और समयबद्धता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। अदालत ने साफ कहा है कि फैसला सुरक्षित रखने के बाद उसे अनिश्चितकाल तक लंबित नहीं रखा जा सकता। न्याय केवल होना ही नहीं चाहिए, बल्कि समय पर दिखना भी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्देश कि कोई भी फैसला रिजर्व होने के तीन महीने के भीतर सुनाया जाना चाहिए, न्यायिक प्रक्रिया को अनुशासित करने वाला कदम है। यदि तीन महीने के भीतर फैसला नहीं सुनाया जाता, तो संबंधित हाईकोर्ट का रजिस्ट्रार जनरल मामला मुख्य न्यायाधीश के समक्ष रखेगा। मुख्य न्यायाधीश अधिकतम दो सप्ताह का अतिरिक्त समय दे सकते हैं। इसके बाद भी फैसला न आए तो मामला दूसरी बेंच को स्थानांतरित किया जा सकेगा। यह व्यवस्था इसलिए आवश्यक है, है, क्योंकि किसी भी मुकदमे में फैसला सुरक्षित होने का अर्थ यह नहीं कि पक्षकारों की प्रतीक्षा अनंत हो जाए। सबसे गंभीर पहलू उन मामलों का है, जो व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़े हैं। जमानत, अग्रिम जमानत, सजा पर रोक या जेल में बंद विचाराधीन कैदियों से जुड़े मामलों में देरी का अर्थ सीधे-सीधे व्यक्ति की स्वतंत्रता पर चोट है। संविधान का अनुच्छेद 21 जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की रक्षा करता है। यदि किसी व्यक्ति की जमानत याचिका पर बहस पूरी हो चुकी हो और आदेश महीनों तक सुरक्षित रखा जाए, जाए, तो यह केवल तकनीकी देरी नहीं, बल्कि संवैधानिक अधिकारों का हनन है। सुप्रीम कोर्ट ने इसी कारण कहा है कि जमानत से जुड़े मामलों में आदेश उसी दिन सुनाया जाना चाहिए और यदि सुरक्षित रखा जाए तो अगले दिन अवश्य जारी किया जाए। जमानत आदेशों को जेल प्रशासन तक तुरंत पहुंचाने का निर्देश भी बेहद महत्वपूर्ण है। कई बार अदालत से राहत मिलने के बाद भी कागजी प्रक्रिया में देरी के कारण आरोपी या दोषी जेल में ही रह जाता है। यह स्थिति न्याय की आत्मा के विरुद्ध है। यदि अदालत ने रिहाई का आदेश दिया है, तो जेल प्रशासन तक सूचना तुरंत पहुंचनी चाहिए और संबंधित व्यक्ति को उसी दिन या अधिकतम अगले दिन रिहा किया जाना चाहिए, बशर्ते वह किसी अन्य मामले में वांछित न हो या जमानत की शर्तें पूरी करता हो। यह व्यवस्था न्याय को कागज से जमीन तक पहुंचाने की दिशा में जरूरी सुधार है। सुप्रीम कोर्ट ने केवल फैसला सुनाने की समय सीमा तय नहीं की, बल्कि विस्तृत आदेश अपलोड करने को भी अनिवार्य किया है। अदालत ने कहा है कि ऑपरेटिव पार्ट यानी मुख्य आदेश सुनाने के 15 दिनों के भीतर पूरा फैसला, कारणों सहित, वेबसाइट पर अपलोड होना चाहिए। यदि 15 दिन में विस्तृत फैसला अपलोड नहीं होता, तो पक्षकार आवेदन दे सकते हैं।

एक्शन इंडिया दैनिक

भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआईः HPHIN / 2012 / 48072

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रवि भारद्वाज द्वारा एक्शन इंडिया कार्यालय, कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश–174303 से प्रकाशित एवं अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर–29डी, चंडीगढ़ से मुद्रित।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी

समूह संपादक : रवि भारद्वाज (9999889104)

स्थानीय संपादक : पंकज शर्मा (9418026789)

ई–मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

एक्शन इंडिया शिमला कार्यालयः किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला– 171001

एक्शन इंडिया ऊना कार्यालयः कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश–174303

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच–पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

आलेख

क्षणिक स्वार्थ से नागरिक बोध तक

मनमोहन प्रकाश, शिक्षाविद्

मनुष्य को पृथ्वी का सबसे बुद्धिमान और विवेकशील प्राणी माना जाता है। उसके पास सही और गलत, सत्य और असत्य, न्याय और अन्याय में अंतर करने की अद्भुत क्षमता है। हमारा अनुभव, शिक्षा, सामाजिक मूल्य और कानून इस विवेक को और निखारते हैं। इसके बावजूद, एक कड़वा और विचित्र सच यह है कि हममें से अधिकांश लोग अनेक गंभीर गलतियाँ जानबूझकर करते हैं। हम भली-भांति जानते हैं कि हमारा आचरण अनुचित है और इसके परिणाम आत्मघाती हो सकते हैं, फिर भी हम उन्हें बार-बार दोहराते हैं। आज के मशीनी और उपभोक्तावादी युग में यह केवल भारतीय समाज की समस्या नहीं है, बल्कि संपूर्ण वैश्विक मानव समाज की एक सहज प्रवृत्ति बन चुकी है। हाँ, भारत जैसे विशाल, घनी आबादी और सांस्कृतिक विविधताओं वाले देश में यह समस्या अधिक मुखर और स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। उदाहरण के लिए, हम सब जानते हैं कि ध्वनि प्रदूषण स्वास्थ्य के लिए कितना हानिकारक है। तेज हॉर्न, अनियंत्रित डीजे और लाउडस्पीकर का शोर बच्चों, वृद्धों, रोगियों और बेजुबान जानवरों को असहनीय पीड़ा देता है, साथ ही विद्यार्थियों की एकाग्रता को भंग करता है।

इसके बावजूद, विवाह, धार्मिक आयोजनों और राजनीतिक रैलियों में हम ध्वनि की गरिमा और कानूनी मयार्दा को ताक पर रख देते हैं। यही स्थिति पर्यावरण को लेकर भी है। सड़कों पर कूड़ा फेंकना, नदियों, तालाबों और पूजनीय जलाशयों में प्लास्टिक, रासायनिक अपशिष्ट और यहाँ तक कि पूजा-सामग्री बहा देना हमारी दिनचर्या का हिस्सा बन चुका है। हम जानते हैं कि भूजल, कोयला और पेट्रोलियम जैसे प्राकृतिक संसाधन सीमित हैं, फिर भी हम उनका बेरहमी से दोहन करते हैं। ग्लोबल वार्मिंग (वैश्विक तापन) और जलवायु परिवर्तन के खतरों को रोज महसूस करने के बाद भी 'विकास' के मुखौटे के पीछे पेड़ों की अंधाधुंध कटाई जारी है, और समाज में इसके प्रति कोई सामूहिक पश्चाताप नहीं दिखता।

क्या पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ बन पायेगा?

सौरभ वार्ष्णेय

आज की पत्रकारिताः संघर्ष, जिम्मेदारी और विश्वास की परीक्षा बन कर रह गई है। लोकतंत्र के चार प्रमुख स्तंभों में पत्रकारिता को केवल कहने भर को विशेष स्थान प्राप्त है। पत्रकारिता केवल समाचारों का संकलन और प्रसारण भर नहीं है, बल्कि यह समाज को जागरूक करने, सत्ता से प्रश्न पूछने और जनभावनाओं को अभिव्यक्ति देने का सशक्त माध्यम भी है। किंतु वर्तमान समय में पत्रकारिता अनेक चुनौतियों, दबावों और संघर्षों के दौर से गुजर रही है। ऐसे समय में पत्रकारिता की भूमिका, जिम्मेदारी और विश्वसनीयता पर गंभीर चिंतन आवश्यक हो गया है। अभी ३० मई पत्रकारिता दिवस बीता है लेकिन सत्ता की तरफ से सिर्फ रस्म अदायगी? क्या वाकई पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ संविधान के तहत बन पायेगा या हम पत्रकार बिरादरी सिर्फ गाहे गवाये ढोल पीटते रह जायेंगे? पत्रकारिता सिर्फ और सिर्फ कहने भर का चौथा स्तंभ रह जायेगा। यह एक ज्वलंत विषय है। आज सूचना क्रांति का युग है। इंटरनेट, सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म ने समाचारों के प्रसार को अत्यंत तेज बना दिया है। जहां पहले एक समाचार को पाठकों तक पहुंचने में घंटों या दिनों का समय लगता था, वहीं अब कुछ ही सेकंड में खबरें दुनिया भर में पहुंच जाती हैं। लेकिन इस तेजी के साथ एक बड़ी चुनौती भी सामने आई है–सत्य और असत्य के बीच अंतर करने की चुनौती। फर्जी खबरें, आधी-अधूरी जानकारी और भ्रामक प्रचार पत्रकारिता की विश्वसनीयता को प्रभावित कर रहे हैं। पत्रकारिता का मूल उद्देश्य निष्पक्षता, सत्यता और जनहित की रक्षा करना है। लेकिन आज कई बार व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा, टीआरपी की दौड़ और राजनीतिक प्रभाव के कारण पत्रकारिता अपने मूल सिद्धांतों से भटकती दिखाई देती है। समाचारों की प्रस्तुति में सनसनीखेजता बढ़ रही है, जबकि तथ्यों की गहराई और निष्पक्ष विश्लेषण को अपेक्षित महत्व नहीं मिल पा रहा है। यह स्थिति लोकतंत्र और समाज दोनों के लिए चिंता का विषय है। दूसरी ओर, जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले पत्रकारों का संघर्ष भी कम नहीं है। अनेक पत्रकार सीमित संसाधनों में काम करते हुए जनसमस्याओं को उजागर करने का प्रयास करते हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नवनियुक्त 276 अभ्यर्थियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

टीम एक्शन इंडिया

देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को अपने कैम्प कार्यालय स्थित मुख्यसेवक सदन में विभिन्न विभागों के लिए चयनित कुल 276 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस मौके पर नवनियुक्त अभ्यर्थियों से कहा कि नियुक्ति पत्र प्राप्त करना केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि जनसेवा के नए दायित्व की शुरूआत है। नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में मुख्यमंत्री धामी ने वन विभाग के अंतर्गत 109, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत 88, प्राविधिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत 65 एवं नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग में चयनित 14 अभ्यर्थी शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी नवचयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि नियुक्ति पत्र प्राप्त करना केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि जनसेवा के नए दायित्व की शुरूआत है। उन्होंने कहा कि वर्षों के परिश्रम, अनुशासन, संघर्ष और धैर्य के बाद युवाओं को यह सफलता प्राप्त हुई है, जो उनकी प्रतिभा, आत्मविश्वास और समर्पण का प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने भर्ती प्रक्रियाओं को पूर्णतः पारदर्शी, निष्पक्ष एवं जवाबदेह बनाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री ने नकल माफियाओं और भ्रष्टाचार पर प्रभावी

अंकुश लगाने के लिए राज्य में देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया है। इसके परिणामस्वरूप आज प्रदेश में युवाओं की सफलता का आधार केवल उनकी योग्यता और मेरिट है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कि पिछले साढ़े चार वर्षों में लगभग 33 हजार युवाओं को पूर्ण पारदर्शिता एवं मेरिट के आधार पर सरकारी सेवाओं से जोड़ने का कार्य किया गया है। उन्होंने नवचयनित कार्मिकों से अपेक्षा की कि वे अपनी कार्यकुशलता,

जिम्मेदारी

वर्षों के परिश्रम, धैर्य के बाद युवाओं को यह सफलता प्राप्त हुई है, जो उनकी प्रतिभा, आत्मविश्वास और समर्पण का प्रमाण है: धामी

ईमानदारी, संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा के माध्यम से जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि व्यवस्था में जब योग्य और कर्मठ युवा आगे आते हैं, तब विकास योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचता है। मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों में चयनित युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग के कार्मिक प्रदेश के सुनियोजित विकास में योगदान देंगे, प्राविधिक शिक्षा विभाग से जुड़े युवा तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास को नई दिशा देंगे, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के कार्मिक मातृ एवं बाल कल्याण से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों का निर्वहन करेंगे तथा वन विभाग में चयनित युवा राज्य की वन संपदा एवं जैव विविधता के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत-2047 के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहा है। राज्य सरकार भी विकसित उत्तराखंड के संकल्प के साथ निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आधारभूत संरचना का तेजी से विकास हो रहा है, निवेश बढ़ रहा है तथा युवाओं के लिए नए अवसर सृजित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ऐसी कार्यसंस्कृति को बढ़ावा दे रही है, जहां घोषणा से अधिक डिलीवरी, वादों से अधिक परिणाम और राजनीति से अधिक विकास को महत्व दिया जाता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी नवचयनित युवा अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करते हुए उत्तराखंड के विकास और जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

आमजन की समस्याओं का समयबद्ध हो निस्तारण: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

टीम एक्शन इंडिया

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन किया। उन्होंने प्रदेश भर से आए लोगों से मुलाकात की। उनके प्रार्थना पत्र लिए और उचित कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को मुख्यमंत्री ने सुना और संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं का निस्तारण समयसीमा के भीतर हो। विलंब होने पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही भी तय की जाए। मुख्यमंत्री योगी ने कुछ बच्चों से शिक्षा के बारे में भी पूछा और अभिभावकों से कहा कि बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें, क्योंकि पढ़ा-लिखा बच्चा ही सशक्त भारत की नींव है। मुख्यमंत्री योगी के समक्ष राजस्व व पुलिस से जुड़े भी कुछ मामले आए। मुख्यमंत्री ने उनका संज्ञान लिया

और कहा कि लंबित राजस्व वादों का समयसीमा के भीतर निस्तारण किया जाए। छह महीने से अधिक लंबित वादों के कारणों की समीक्षा की जाए। उचित कारण न होने पर भी यदि निस्तारण में विलंब होता है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार की प्राथमिकता है कि हर जरूरतमंद की समस्या का समाधान हो। अधिकारी पूरी संवेदनशीलता से सुनिश्चित करें कि बिना भेदभाव सभी को न्याय और हर पात्र को योजनाओं का लाभ मिले, जरूरतमंदों के समुचित इलाज की व्यवस्था हो। जरूरतमंद के चेहरे पर खुशहाली लाना शासन-प्रशासन का दायित्व है।

बेटा! तुम सिर्फ पढ़ाई करो, बाकी हम पर छोड़ दो

हापुड़ से एक बच्ची अपने

जनता दर्शन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन किया

अभिभावक के साथ आई थी। उसने अपने परिवार की माली स्थिति का जिक्र किया। मुख्यमंत्री ने पूछा कि किस क्लास में हो, इस पर बच्ची ने कक्षा-7 बताया और आगे की पढ़ाई में आने वाली बाधाओं का भी जिक्र किया। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि घर जाओ और सिर्फ पढ़ाई करो, बाकी हम पर छोड़ दो।

अभिभावक से कहा कि शिक्षित बच्चा ही सशक्त भारत की नींव है। अधिकारी आपसे संपर्क करेंगे, आप बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें।

बेटी पढ़कर आगे बढ़ेगी तो देश व समाज आगे बढ़ेगा: मुख्यमंत्री योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन में आयोजित समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मेरिट में छात्राओं ने छात्रों से अधिक अंक प्राप्त किया है। यह सुखद संकेत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटी पढ़कर आगे बढ़ेगी और देश व समाज आगे बढ़ेगा। मेधावियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थी सोशल मीडिया में न्यूनतम समय लगायें। सोशल मीडिया के ज्यादातर तथ्य झूठे होते हैं। समाचार पत्र अवश्य पढ़ें। देश व समाज के बारे में जानकारी रखिए। अपनी परम्परा, संस्कृति व विरासत व अपने परिवेश के बारे में जानकारी रखें।

गुरुग्राम में मुख्यमंत्री ने हरियाणा पुलिस के 312 नए वाहनों को दिखाई हरी झंडी

ईआरवी

ये सभी वाहन आपातकालीन प्रतिक्रिया वाहन यानी ईआरवी के रूप में काम करेंगे

टीम एक्शन इंडिया

गुरुग्राम। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के लिए हरियाणा पुलिस के बेड़े में शामिल 310 नई मोटरसाइकिलों और दो कारों को सोमवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये सभी वाहन आपातकालीन प्रतिक्रिया वाहन यानी ईआरवी के रूप में काम करेंगे। वाहन कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के तहत होंडा मोटर फाउंडेशन द्वारा हरियाणा पुलिस को उपलब्ध कराए गए हैं।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने हरियाणा पुलिस के रिस्पांस टाइम की सराहना करते हुए कहा कि देश में ईआरवी का औसत

रिस्पांस टाइम लगभग 18 मिनट है, जबकि हरियाणा पुलिस ने इसे घटाकर सात मिनट तीन सेकेंड कर दिया है। मुख्यमंत्री ने इसे सुशासन का वास्तविक स्वरूप बताया। उन्होंने कहा कि हमने पुलिस विभाग में आधुनिक उपकरणों की व्यवस्था कर आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली को मजबूत किया है। ये ईआरवी उसी श्रृंखला का एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

मुख्यमंत्री ने जनता से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की भी अपील की। नए वाहनों में से गुरुग्राम को 60 मोटरसाइकिलें और एक होंडा एलिवेट मिली है। फरीदाबाद को 40 मोटरसाइकिलें और एक होंडा एलिवेट दी गई है। बाकी 210 मोटरसाइकिलें हरियाणा के अन्य जिलों को भेजी गई हैं। डीजीपी अजय सिंघल ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि इन अत्याधुनिक वाहनों के शामिल होने से राज्य में कानून-व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। उन्होंने बताया कि ईआरवी संकरी गलियों में भी कम समय में मौके पर पहुंचेंगे, जिससे जनता की सुरक्षा और पुख्ता होगी।

स्वस्थ समाज-परिवार के लिए महिलाओं का स्वस्थ होना बहुत जरूरी: राज्यपाल

टीम एक्शन इंडिया

भोपाल। मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि स्वस्थ समाज एवं परिवार के लिए महिलाओं का स्वस्थ होना बहुत जरूरी है। उन्होंने महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि महिलाएँ अपनी व्यस्त जीवन शैली में अपने स्वास्थ्य की चिंता करें। नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए समय निकाले। संतुलित आहार, योग और व्यायाम को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं। राज्यपाल पटेल सोमवार को भोपाल स्थित लोक भवन में आयोजित स्वास्थ्य शिविर शुभारंभ अवसर पर संदीपनि सभागार में उपस्थित महिलाओं से चर्चा कर रहे थे।

इस अवसर पर उन्होंने महिलाओं को स्वच्छता किट प्रदान की। संदीपनि सभागार और सिविल डिस्पेंसरी में आयोजित स्वास्थ्य शिविरों का अवलोकन किया। ज्ञातव्य है कि राज्यपाल पटेल के

जीवनशैली

महिलाएँ अपनी व्यस्त जीवन शैली में अपने स्वास्थ्य की चिंता करें: राज्यपाल

जन्म दिवस के अवसर पर लोक भवन में सोमवार को स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया था। अस्थिरोग संबंधी चिकित्सकीय जाँच के लिए बोन मिनरल डेनसिटी जाँच और परामर्श शिविर का सिविल डिस्पेंसरी में तथा एच.पी.व्ही. और महिला स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जागरूकता के लिए चिकित्सकीय परामर्श सत्र सांदीपनि सभागार में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी, उप सचिव सुनील दुबे सहित लोकभवन के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे।

राज्यपाल पटेल की संवैधानिक मूल्यों और अंत्योदय के प्रति निष्ठा, प्रेरणादायी: डॉ. यादव

टीम एक्शन इंडिया

भोपाल। मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल के जन्मदिवस पर सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल स्थित लोकभवन पहुंचकर उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल पटेल को मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुष्पगुच्छ, अंग वस्त्रम और बाबा महाकाल की प्रतिकृति भेंट कर उनका अभिवादन किया। साथ ही उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि राज्यपाल मंगुभाई पटेल जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। संवैधानिक मूल्यों

और अंत्योदय के प्रति आपकी निष्ठा, कर्तव्यपरायणता तथा प्रतिबद्धता प्रेरणादायी है। मां नर्मदा से प्रार्थना है कि आपको उत्तम स्वास्थ्य तथा दीर्घायु प्रदान करें।

मंगुभाई पटेल : संक्षिप्त जीवन परिचय

मंगुभाई पटेल का जन्म 1 जून 1944 को गुजरात के नवसारी जिले में हुआ। समाज सेवा को अपना प्रमुख कार्यक्षेत्र बनाने के साथ उनकी अभिरुचि खेल, संगीत तथा अध्ययन में रही है। उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन की

सम्मान

डॉ. यादव ने अंग वस्त्रम और बाबा महाकाल की प्रतिकृति भेंट कर उनका अभिवादन किया

शुरूआत स्थानीय निकायों से की और वर्ष 1982 से 1987 तक नवसारी नगर पालिका के सदस्य रहे। वे भारतीय जनता पार्टी में विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों पर रहे, जिनमें गुजरात भाजपा आदिवासी मोर्चा के अध्यक्ष तथा भाजपा गुजरात इकाई के उपाध्यक्ष एवं महासचिव प्रमुख हैं। वे वर्ष 1990 से 2017 तक लगातार गुजरात विधानसभा के सदस्य रहे। गुजरात सरकार में उन्होंने जनजातीय कल्याण, वन एवं पर्यावरण, तथा कुटीर एवं उद्योग विभागों में मंत्री के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ निभाईं। साथ ही वे गुजरात विधानसभा के उपाध्यक्ष एवं कार्यवाहक अध्यक्ष भी रहे। जनजातीय कल्याण और सामाजिक विकास के क्षेत्र में उनका विशेष योगदान रहा है। उन्होंने सिकल सेल उन्मूलन अभियान, जनजातीय विकास, विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए आजीविका योजनाओं, पेसा अधिनियम के क्रियान्वयन तथा स्वास्थ्य एवं शिक्षा संबंधी अनेक नवाचारों को बढ़ावा दिया। उनके प्रयासों से जनजातीय अध्ययन एवं विकास केंद्रों तथा नए विश्वविद्यालयों की स्थापना को भी प्रोत्साहन मिला। मंगुभाई पटेल ने जर्मनी, दक्षिण अफ्रीका, केन्या, युगांडा, कैमरून, कनाडा, ब्रिटेन और अमेरिका सहित अनेक देशों की यात्राएं कर विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व किया। वे कई पुस्तकों और प्रकाशनों के लेखक भी हैं, जिनमें मौन का उद्घोष, मन की बात, अखंडता का उत्सव तथा संकल्प का सामर्थ्य प्रमुख हैं।

डबल इंजन नहीं, डबल इंतजार शास्त्र चल रहा है- अशोक गहलोत

जयपुर। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने केंद्र और राज्य सरकार पर विकास परियोजनाओं में देरी को लेकर तीखा हमला बोला है। सोशल मीडिया मंच एक्स पर की गई अपनी पोस्ट में गहलोत ने डबल इंजन सरकार पर कटाक्ष करते हुए इसे डबल इंतजारशास्त्र करार दिया। गहलोत ने कहा कि योजनाओं और परियोजनाओं में लगातार हो रही देरी का सीधा असर आम जनता और सरकारी खजाने पर पड़ रहा है। उन्होंने लिखा कि इंतजारशास्त्र के जरिए राज्य सरकार को जगाने का प्रयास

किया गया है ताकि यह समझाया जा सके कि परियोजनाओं में देरी केवल प्रशासनिक समस्या नहीं, बल्कि जनता की जेब पर भारी पड़ने वाला मुद्दा है। पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया कि यह समस्या केवल राजस्थान तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश में बड़े पैमाने पर देखने को मिल रही है।

नीति आयोग की बैठक से पहले शुभेंदु ने सभी विभागों से मांगी रिपोर्ट

रिपोर्ट तलब

मुख्यमंत्री ने विभागों के सचिवों को पांच जून तक अपनी-अपनी रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया

टीम एक्शन इंडिया

कोलकाता। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने आगामी 11 जून को नई दिल्ली में होने वाली नीति आयोग की बैठक से पहले राज्य सरकार के सभी विभागों की वर्तमान स्थिति पर विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। मुख्यमंत्री ने

सभी विभागों के सचिवों को पांच जून तक अपनी-अपनी रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है।

नवान्न सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री नीति आयोग की बैठक में पश्चिम बंगाल की समग्र स्थिति, विकास योजनाओं और वित्तीय आवश्यकताओं को प्रमुखता से उठाने की तैयारी कर रहे हैं। इसी उद्देश्य से उन्होंने राज्य के सभी विभागों की कार्यप्रणाली, उपलब्धियों, चुनौतियों और आवश्यकताओं का विस्तृत ब्यौरा मांगा है। सूत्रों का कहना है कि वर्तमान राज्य सरकार का मानना है कि पिछले 15 वर्षों में पूर्ववर्ती सरकार की कथित असहयोगपूर्ण नीति के कारण राज्य को केंद्र से मिलने वाले कई वित्तीय लाभ और अधिकार पूरी तरह नहीं मिल सके। अब सरकार का ध्यान केंद्र से राज्य के बकाया और वैध हिस्से को प्राप्त करने पर है। इसी दिशा में मुख्यमंत्री सक्रिय रूप से पहल कर रहे हैं। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, नीति आयोग की बैठक में विभिन्न विकास परियोजनाओं, केंद्रीय सहायता, अनुदान और वित्तीय आवंटन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। माना जा रहा है कि जून के अंत में राज्य सरकार अपना पूर्ण बजट पेश कर सकती है।

गाँव के द्वार पहुँची डिजिटल सरकार : बड़ेकनेरा का सेवा सेतु मॉडल बना ग्रामीण सुशासन की नई मिसाल

टीम एक्शन इंडिया

रायपुर : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज कोंडागांव जिले के ग्राम पंचायत बड़ेकनेरा में स्थापित अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का निरीक्षण कर ग्रामीण डिजिटल सुशासन के अभिनव मॉडल सेवा सेतु की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से सीधे संवाद कर योजनाओं की पहुंच, पारदर्शिता और प्रभाव के संबंध में जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि शासन की योजनाओं और सेवाओं का

लाभ ग्रामीणों को उनके गांव में ही सहज, सरल और पारदर्शी तरीके से उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि सेवा सेतु अभियान और अटल डिजिटल सुविधा केंद्र ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सुशासन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं, जिनसे आमजन को सरकारी दफ्तरों के अनावश्यक चक्कर लगाने से मुक्ति मिल रही है। मुख्यमंत्री से चर्चा के दौरान ग्राम की हितग्राही श्रीमती कौशल्या मानिकपुरी ने बताया कि उन्हें नियमित रूप से महतारी वंदन योजना की राशि प्राप्त हो रही है, जिससे घरेलू आवश्यकताओं को पूरा करने में सहायता मिलती है। उन्होंने यह भी बताया कि

सुलभ

ग्रामीणों तक त्वरित, सरल और सुलभ तरीके से पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से खेती-किसानी संबंधी जरूरतों को पूरा करने में सहूलियत मिली है। इसी प्रकार श्रीमती सुमति मानिकपुरी, श्रीमती अमिल मानिकपुरी तथा श्रीमती पचमती बघेल ने मुख्यमंत्री को बताया कि महतारी वंदन योजना ने उन्हें आर्थिक रूप से अधिक आत्मनिर्भर बनाया है और परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करने में सहारा दिया है। वृद्धावस्था पेंशन और महतारी वंदन योजना का लाभ प्राप्त कर रही श्रीमती वेंकटरमणा जंगम ने भी योजनाओं की नियमित उपलब्धता पर संतोष व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने उनसे चर्चा करते हुए कहा कि सरकार प्रत्येक गरीब, किसान और महिला तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। ग्राम पंचायत बड़ेकनेरा में संचालित सेवा सेतु अभियान शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और डिजिटल सेवाओं को ग्रामीणों तक त्वरित, सरल और सुलभ तरीके से पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है।

झारखंड मंत्रालय में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मिलीं केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी

टीम एक्शन इंडिया

रांची। झारखंड मंत्रालय में सोमवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने शिष्टाचार मुलाकात की। यह भेंट मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित उनके कार्यालय कक्ष में हुई। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी की इस मुलाकात के दौरान दोनों पक्षों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में एक-दूसरे का अभिवादन किया। मुलाकात के बाद केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, मुलाकात के दौरान राज्य

के विकास, महिला एवं बाल कल्याण से जुड़ी योजनाओं तथा जनहित के विभिन्न मुद्दों पर भी सामान्य चर्चा हुई। हालांकि, इस संबंध में कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गई है और न ही किसी विशेष विषय पर विस्तृत बयान जारी किया गया है।

facebook.com/actionindialive twitter.com/actionindianews youtube.com/actionindiatv

हिमाचल न्यूज
एक्शन इंडिया

www.actionindialive.com

ऊना, 2 जून 2026

राज्यपाल ने स्व-गणना अभियान का शुभारम्भ किया

जनगणना

» जनगणना-2027 के अंतर्गत स्व-गणना का प्रथम चरण 1 जून से 15 जून तक किया जाएगा संचालित

पंकज शर्मा

शिमला। राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने आज लोक भवन से जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत स्व-गणना अभियान का शुभारम्भ किया। यह अभियान 1 जून से 15 जून, 2026 तक प्रदेश भर में संचालित किया जाएगा, जिसके माध्यम से नागरिक डिजिटल पोर्टल पर स्वयं अपनी जनगणना संबंधी जानकारी दर्ज कर सकेंगे।

राज्यपाल ने इस अवसर पर स्वयं ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपनी स्व-गणना प्रक्रिया पूर्ण कर प्रदेशवासियों को इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व में सक्रिय भागीदारी का संदेश दिया। इस अवसर पर निदेशक, जनगणना संचालन, हिमाचल प्रदेश, दीप शिखा शर्मा और विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। अधिकारियों ने राज्यपाल को डिजिटल जनगणना प्रक्रिया तथा इसके विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

राज्यपाल ने प्रक्रिया को पूर्ण करने के उपरांत जनगणना के महत्त्व पर बल देते हुए कहा कि जनगणना केवल जनसंख्या संबंधी आंकड़े एकत्रित करने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह देश और प्रदेश की भावी विकास योजनाओं, जनकल्याणकारी नीतियों तथा प्रशासनिक निर्णयों की आधारशिला है। कविन्द्र गुप्ता ने प्रदेशवासियों का आह्वान करते हुए कहा कि वे 1 जून से 15 जून के बीच स्व-गणना प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कर इस राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान दें।

राज्यपाल ने नागरिकों को स्व-गणना पूर्ण होने के उपरांत प्राप्त होने वाली स्व-गणना पहचान संख्या को सुरक्षित रखने का परामर्श दिया। अभियान के अगले चरण में 16 जून से 15 जुलाई, 2026 तक घर-घर जाकर जानकारी एकत्रित की जाएगी। स्व-गणना कर चुके लोगों द्वारा अपनी पहचान संख्या उपलब्ध करवाने से जनगणना कार्य अधिक सुगमता एवं दक्षता के साथ सम्पन्न हो सकेगा। कविन्द्र गुप्ता ने सटीक एवं प्रमाणिक जानकारी उपलब्ध कराने के महत्त्व पर बल देते हुए कहा कि प्रभावी प्रशासन और योजनाबद्ध विकास के लिए सही आंकड़ों का होना अत्यंत आवश्यक है।

जनगणना आंकड़े राष्ट्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होंगे सिद्ध

राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं जनसांख्यिकीय आंकड़ों पर आधारित होती हैं। नागरिकों द्वारा सही जानकारी प्रदान करने से योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्रों तक पहुंचाने तथा समाज के सभी वर्गों का उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी। राज्यपाल ने कहा कि वर्ष 2011 की जनगणना के बाद विकास की बदलती आवश्यकताओं और नई चुनौतियों को देखते हुए जनगणना-2027 से प्राप्त होने वाले आंकड़े राज्य एवं राष्ट्र के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होंगे। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर तथा उत्तराखंड जैसे पर्वतीय एवं दुर्गम राज्यों में समयबद्ध और प्रभावी आंकड़ा संकलन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्व-गणना अभियान को विशेष प्राथमिकता प्रदान की गई है।

वंचित बच्चों की शिक्षा के लिए टोंगलेन ट्रस्ट को हर संभव सहयोग देगी प्रदेश सरकार : मुख्यमंत्री

टीम एक्शन इंडिया

शिमला। टोंगलेन ट्रस्ट धर्मशाला के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज ट्रस्ट के निदेशक थेरचिन ग्याल्तसेन के नेतृत्व में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू से भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को ट्रस्ट द्वारा संचालित विद्यालय के लिए भूमि पट्टे की मांग से अवगत करवाया। यह विद्यालय वंचित एवं बेसहारा बच्चों को शिक्षा प्रदान कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को राज्य सरकार की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन् दिया। उन्होंने कहा कि 14 वर्ष से कम आयु के विद्यार्थियों को प्रतिमाह 1,000 रुपये तथा 14 वर्ष से अधिक आयु के विद्यार्थियों को 2,500 रुपये प्रतिमाह की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने वंचित एवं जरूरतमंद बच्चों के कल्याण के लिए ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे समर्पित प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा और मानवीय सेवा के क्षेत्र में इस प्रकार की पहल समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

इस अवसर पर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, विधायक हरीश जनारथा, ट्रस्टी दोरजे तथा पार्षद पलकित नेगी भी उपस्थित थे।

अंतर्राष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव-2026 के अंतर्गत कैनवास ऑफ दि हिल्स कला महोत्सव का आयोजन

टीम एक्शन इंडिया

शिमला। अंतर्राष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव-2026 के अंतर्गत कला एवं संस्कृति को समर्पित विशेष आयोजन कैनवास ऑफ दि हिल्स का आयोजन ऐतिहासिक रिज मैदान, शिमला में किया गया। इस अनूठे कला महोत्सव में देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिष्ठित चित्रकारों एवं कलाकारों ने भाग लेकर शिमला की प्राकृतिक सुंदरता, ऐतिहासिक धरोहरों तथा समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को अपने कैनवास पर सजीव रूप में उकेरा।

इस अवसर पर उपायुक्त एवं अंतर्राष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव समिति के अध्यक्ष अनुपम कश्यप ने सभी प्रतिभागी कलाकारों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही कलाकारों ने अपनी रचनात्मक कृतियाँ उपायुक्त को भेंट स्वरूप प्रदान कीं। इन उत्कृष्ट चित्रों की भविष्य में विशेष प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी, जिससे कला प्रेमियों को हिमाचल की सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक धरोहर को एक नए दृष्टिकोण से देखने का अवसर प्राप्त होगा।

उपायुक्त ने कहा कि इस विशेष पहल के तहत कलाकारों ने रिज मैदान एवं उसके आसपास के प्राकृतिक एवं ऐतिहासिक परिवेश का प्रत्यक्ष अवलोकन करते हुए लाइव पेंटिंग और स्केचिंग की। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के अगले चरण में कलाकार हिमालयी क्षेत्र की अद्भुत प्राकृतिक छटा को चित्रित करने के लिए स्पीति घाटी का भ्रमण भी करेंगे।

उन्होंने कहा कि कैनवास ऑफ दि हिल्स कला महोत्सव का मुख्य उद्देश्य देशभर के कलाकारों को एक साझा मंच प्रदान करना, कला के माध्यम से सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना तथा शिमला की अनुपम सुंदरता को रचनात्मक अभिव्यक्ति के जरिए राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाना है।

जुब्बल-नावर-कोटखाई में पंचायत चुनाव में मिली प्रचंड जीत

टीम एक्शन इंडिया

शिमला। जुब्बल-नावर-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में पंचायत चुनावों में कांग्रेस पार्टी को मिली प्रचंड जीत शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर द्वारा गत साढ़े तीन वर्षों में किए गए विकास कार्यों पर जनता की स्पष्ट मोहर है। यह बात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल-नावर-कोटखाई के अध्यक्ष जितेंद्र मैहता ने प्रेस को जारी एक बयान में कही।

उन्होंने कहा कि जुब्बल-नावर-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र की सभी जिला परिषद वार्डों में कांग्रेस ने जीत हासिल की है। इसी प्रकार पंचायत समिति जुब्बल की सभी 15 सीटों पर जनता ने कांग्रेस प्रत्याशियों को विजयी बनाया इसके विपरीत भाजपा का सूपड़ा साफ़ हुआ। पंचायत समिति कोटखाई में कांग्रेस ने 11 सीटें जीतकर स्पष्ट बहुमत प्राप्त किया।

चंबा जिला परिषद पर कांग्रेस का कब्जा

हामिद खान

चंबा। पंचायती राज चुनाव में कांग्रेस ने एक बार फिर से जिला परिषद पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है जिला परिषद के 18 वार्डों में से घोषित परिणामों में कांग्रेस समर्थित उम्मीदवारों ने 10 सीटें जीतकर स्पष्ट बहुमत हासिल कर लिया है। यह तो अब पक्का है कि जिला परिषद का अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष कांग्रेस पार्टी से ही होगा।

चंबा जिला परिषद में कुल 18 वार्ड हैं इनमें से 10 वार्ड कांग्रेस के कब्जे में आ गए हैं। कांग्रेस ने जिन वार्डों में सफलता हासिल की है उनमें सनवाल वार्ड से निर्मला भूटानी, चांचू वार्ड से रजनी मल्होत्रा ,चकलू वार्ड से अंजू कुमारी, सरोल वार्ड से लियाकत अली, करवाल से अंशुल कुमार, बयाना से रेखा ठाकुर , किहार से कमला योगी, नैनी खड्ड से प्रदीप शर्मा, मोतला से कुसुम लता, तथा खणीं से सुभाष चंद्र विजय हुए हैं।

अगर भारतीय जनता पार्टी की बात की जाए तो इसके समर्थित पांच उम्मीदवार ही विजय हासिल कर पाए हैं जिनमें भरमौर वार्ड से पूर्व विधानसभा स्पीकर स्वर्गीय तुलसीराम की पत्नी लीला शर्मा ,करयास से सुनीता कुमारी, करियां वार्ड से राज सिंह तथा कथेड़ से दिव्या ज्योति शामिल है।

इस बीच तीन आजाद उम्मीदवार भी सफल हुए हैं जिन में ज्युंता से मीनाक्षी कपूर ,बक्तपुर से इंदिरा कपूर तथा गैहरा से सुनील शर्मा। अब सब की नजरे अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष पदों पर टिकी है।

संक्षिप्त खबरें

जिप में प्रचंड जीत होने पर जुन्गा के राजमहल में भव्य जश्न आयोजित

चमन शर्मा

शिमला। जिला परिषद के चम्याणा वार्ड नंबर 9 में प्रचंड जीत मिलने पर भाजपा समर्थित प्रत्याशी खुश विक्रम सेन के सम्मान में जुन्गा के राजमहल के प्रांगण में एक भव्य जश्न का आयोजन किया गया जिसमें क्योंथल क्षेत्र के हजारों लोगों ने खुश विक्रम सेन को बधाई दी । राजमहल के प्रांगण में ढोल नगाढ़ों की पारंपरिक धुनों पर महिलाओं और पुरूषों ने जीत की खुशी में खूब नाटी डाली ।

गौर रहे कि जिला परिषद के चमियाणा वार्ड से खुश विक्रम सेन को कुल 13752 मत मिले जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी भूपेन्द्र सिंह को 3771 मत मिले । अर्थात खुश विक्रम सेन को कुल 9981 मतों अंतर से भारी जीत हासिल की ।

कार्यक्रम में सांसद राज्य सभा हर्ष महाजन , पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज, जिला शिमला भाजपा अध्यक्ष केश्व चौहान, जिला भाजपा प्रवक्ता जितेन्द्र भोटका सहित काफी संख्या में आए भाजपा पदाधिकारियों ने खुश विक्रम सेन को ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी ।

जुन्गा के प्रधान रामलाल, पंकज सेन, रामकृष्ण वर्मा , प्रीतम ठाकुर, राघव शर्मा , पवन शर्मा, दुर्गा सिंह ठाकुर सहित अनेक लोगों ने कहा कि वह कसुंपटी निर्वाचन क्षेत्र का भविष्य खुश विक्रम सेन में देखते हैं और आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के प्रबल दावेदार हैं । उन्होने कहा कि यदि आगामी विधान सभा चुनाव में खुश विक्रम सेन को भाजपा हाईकमान टिकट देती है तो निश्चित रूप से कसुंपटी में 25 वर्षों के अंतराल उपरांत कमल अवश्य खिलेगा ।

खुश विक्रम सेन से जब इस बारे पूछा गया कि वह आगामी 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में उतरेंगें । इस पर उन्होने बताया कि यदि भाजपा हाईकमान का आदेश होगा तो उसकी अक्षर:क्ष अनुपालना की जाएगी । उन्होने बताया कि फिलहाल बतौर जिला परिषद सदस्य वह चमियाणा वार्ड की 17 पंचायतों की समस्याओं को सरकार के समक्ष रखकर रखी जाएगी और समाधान के लिए भरपूर प्रयास करेगें ।

उन्होने कहा कि बीते 25 वर्षों से कसुंपटी निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस का प्रतिनिधित्व होने क बावजूद भी यह विधानसभा क्षेत्र विशेषकर शिक्षा, स्वास्थय, सड़कों इत्यादि में बहुत पिछड़ हुआ है ।

डीएवी पब्लिक स्कूल चम्बा में श्रद्धा एवं उत्साहपूर्वक मनाया गया डीएवी स्थापना दिवस

हामिद खान

चंबा। डी0 ए0 वी0 पब्लिक स्कूल चम्बा में आज डी0 ए0 वी0 स्थापना दिवस बड़े हर्ष, उल्लास एवं वैदिक परम्पराओं के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर विद्यालय परिसर पूरी तरह आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और देशभक्ति के रंग में डूबा नजर आया। कार्यक्रम का शुभारम्भ वैदिक मंत्रोच्चारण एवं भव्य हवन-यज्ञ से हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार गुलेरिया , समस्त अध्यापकगण एवं विद्यार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। विद्यालय के शास्त्री पंकज कुमार ने अपनी सुमधुर आवाज और वैदिक मंत्रोच्चारण से सम्पूर्ण वातावरण को आध्यात्मिक एवं भक्तिमय बना दिया। विद्यालय के संगीत अध्यापक श्री आशीष जी द्वारा प्रस्तुत वैदिक भजनों ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को भाव-विभोर कर दिया। इस मौके पर छात्रों द्वारा भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ जिसमें छात्रों ने डी0 ए0 वी0 संस्था, महर्षि दयानन्द सरस्वती जी एवं महात्मा हंसराज जी के जीवन, संघर्षों और आदर्शों पर प्रभावशाली व्याख्यान दिए।

अंतर्राष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव-2026 में हिंदी, पहाड़ी और ग़ज़ल गोष्ठियों के आयोजन के लिए हिमालय साहित्य संस्कृति एवं पर्यावरण मंच ने जताया जिलाधीश अनुपम कश्यप का आभार

टीम एक्शन इंडिया

शिमला। हिमालय साहित्य संस्कृति एवं पर्यावरण मंच के अध्यक्ष एवं प्रख्यात लेखक एस आर हरनोट ने अंतर्राष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव-2026 में हिंदी और पहाड़ी कवि गोष्ठियां के साथ गज़ल गोष्ठी के प्रस्तावित कार्यक्रमों के लिए जिलाधीश अनुपम कश्यप और अंतर्राष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव समिति का हिमाचल के लेखकों की तरफ से आभार जताया है। ये आयोजन श्यामला कवि सम्मेलन और श्यामला मुशायरा के नाम से हो रहे हैं जिसमें स्थानीय लेखकों के साथ हिमाचल के विभिन्न क्षेत्रों से 100 से अधिक लेखक भाग लेंगे।

एस आर हरनोट ने अंतर्राष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव समिति के सौजन्य से जानकारी दी कि 8 जून को हिंदी कवि सम्मेलन के प्रात: सत्र में 30 और अपरान्ह सत्र में 35 कवि भाग लेंगे। जबकि 9 जून, 2026 को आयोजित पूरे दिन चलने वाली

पहाड़ी कवि गोष्ठी में तीस से अधिक पहाड़ी कवि भाग लेंगे। 10 जून दोपहर बाद ग़ज़ल गोष्ठी (श्यामला मुशायरा) होगा जिसमें हिमाचल के विभिन्न स्थानों से लगभग बीस उर्दू गज़लकार शिरकत करेंगे। शिमला अंतर्राष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव के इतिहास में यह पहली बार है जब इतने रचनाकारों को एक साथ मंच और सम्मान दिया जा रहा है। निसंदेह यह पहल और परिकल्पना साहित्य अनुरागी और कुशल प्रशासक जिलाधीश अनुपम कश्यप जी की रही है जिसने लिए एस आर हरनोट ने उनका हृदय से आभार व्यक्त किया है।

हरनोट ने सभी आमंत्रित लेखकों से निवेदन किया है कि वे इस पहल का स्वागत करे। हालांकि यह स्वाभाविक है कि किसी आयोजन में किसी प्रदेश के समस्त रचनाकारों को एक साथ आमंत्रित करना मुश्किल होता है फिर भी सौ से अधिक लेखकों को बुलाना किसी बड़े साहित्य उत्सव से कम नहीं है। जिला प्रशासन के सौजन्य से शीघ्र ही कहानी संवाद का भी आयोजन किया जाएगा और बच्चों के लिए भी। उन्होंने हिमाचल के हर जिला प्रशासन से प्रत्येक मेलों, त्यौहारों और उत्सवों में साहित्य संवाद और इस तरह की गोष्ठियां आयोजित करने की अपील की है ताकि हर लेखक की भागीदारी सुनिश्चित हो पाए।

हरनोट ने जिला प्रशासन को आश्वासन दिया है कि उनका हिमालय मंच इन कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए हर संभव सहयोग करेगा।

सोलन में युवाओं के हाथों बीडीसी और जिला परिषद की कमान

योगेश शर्मा

कंडाघाट। पंचायती राज चुनाव 2026 में इस बार युवाओं की भागीदारी सबसे ज्यादा रही है कहीं पर युवाओं ने प्रधान पद पर चुनाव लड़ा तो, कई उप प्रधान, तो कई बीडीसी और जिला परिषद तक भी पहुंचे। कई युवाओं ने दिग्गजों को हराने में भी सफलता हासिल की है, लेकिन चर्चा सोलन में तीन बीडीसी सदस्यों की है जो की जीत कर आए हैं और 25 साल की उम्र से भी कम है तीनों ही युवतियां हैं। जहां एक तरफ पंचायत समिति चुनाव में सबसे यंगेस्ट बीडीसी धर्मपुर के वार्ड नंबर 10 नारायणी से 19 वर्षीय लक्ष्मी विजय रही, उसके बाद धर्मपुर के ही वार्ड नंबर 5 कसौली से 22 वर्षीय स्मृति अत्रि, पट्टा गोयला से 25 वर्षीय प्रियंका, शड्याना बीडीसी वार्ड से भीम सिंह 28 वर्षीय जैसे अनेकों नए चेहरे इस बार सामने आए हैं।

टोल टैक्स वृद्धि को लेकर हिमाचल बॉर्डर मैहतपुर पर चक्का जाम

राजन पुरी

ऊना। हिमाचल प्रदेश में टोल टैक्स को लेकर शुरू हुआ विवाद अब लगातार उग्र रूप धारण करता जा रहा है। सोमवार को एक बार फिर पंजाब की विभिन्न जत्थेबंदियों ने हिमाचल के प्रवेश द्वार मैहतपुर में एकत्रित होकर टोल टैक्स के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया और चक्का जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार पर लोगों की भावनाओं की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए टोल टैक्स को पूरी तरह समाप्त करने की मांग दोहराई। इस दौरान हिमाचल से पंजाब जाने वाले मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा, जबकि पंजाब से हिमाचल आने वाले वाहनों को आवाजाही की अनुमति दी गई। प्रदर्शनकारियों ने न केवल सड़क जाम की बल्कि धरने के दौरान टोल बैरियर पर हो रही टैक्स वसूली भी बंद करवा दी। प्रदर्शनकारियों में जन कल्याण कमेटी के प्रधान कश्मीर सिंह नंगली ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा लगाया गया यह टैक्स आम लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ है और इसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

खुफिया तंत्र फेल, राजनीतिक पंडित चित! हमीरपुर में आशीष शर्मा के सियासी तूफान ने उड़ाए सारे समीकरण

पवन धीमान

हमीरपुर। जिला परिषद चुनावों में इस बार हमीरपुर की राजनीति ने ऐसा करवट ली कि खुफिया एजेंसियों से लेकर बड़े-बड़े राजनीतिक विश्लेषकों तक के सारे आंकड़े धरे के धरे रह गए। चुनावी मैदान में कौन आगे है, कौन पीछे है और किसकी नैया डूबने वाली है, इसका दावा करने वाले तमाम सूत्रधार परिणाम आने के बाद पूरी तरह गलत साबित हुए। अब राजनीतिक गलियारों में एक ही चर्चा है कि आखिर सदर विधायक आशीष शर्मा ने ऐसा कौन-सा सियासी चक्रव्यूह रचा कि विरोधी देखते ही रह गए और भाजपा समर्थित उम्मीदवार जीत का परचम लहरा गए।

चमनैड वार्ड से लेकर जंगल रोपा और अन्य सीटों तक चुनावी माहौल आखिरी दिन तक बेहद दिलचस्प बना रहा। फील्ड रिपोर्ट्स में कभी किसी प्रत्याशी को आगे बताया जा रहा था तो कभी किसी को। सोशल मीडिया पर भी अलग-अलग दावे किए जा रहे थे। लेकिन मतगणना के दिन जो तस्वीर सामने आई उसने हर किसी को हैरान कर दिया।

चमनैड वार्ड की कहानी तो किसी राजनीतिक फिल्म से कम नहीं रही। यहां भाजपा समर्थित प्रत्याशी का नामांकन रद्द हुआ, विरोधियों ने इसे अपनी जीत मान लिया और जश्न की तैयारियां शुरू कर दीं। लेकिन हाईकोर्ट से राहत मिलने के बाद प्रत्याशी दोबारा मैदान में उतरे और चुनावी हवा का रुख ही बदल गया। चुनाव प्रचार के दौरान हर दिन नए समीकरण बनते और बिगड़ते रहे, लेकिन अंत में हैप्पी पहलवान ने बाजी मारकर विरोधियों के सारे सपनों पर पानी फेर दिया।

दूसरे वार्ड में टिकट वितरण को लेकर मचे बवाल को विपक्ष अपनी ताकत समझ रहा था। माना जा रहा था कि नाराजगी भाजपा को भारी पड़ सकती है। लेकिन सुरेश कुमार सोनी को टिकट मिलने के बाद कार्यकर्ता एकजुट हुए और जिस सीट को विरोधी आसान जीत मान रहे थे, वह भी भाजपा समर्थित खेमे की झोली में चली गई।

सबसे बड़ा उलटफेर जंगल रोपा वार्ड में देखने को मिला। यहां चुनावी चर्चाओं में आखिरी समय तक नरेश कुमार दर्जी और अनिल कुमार शर्मा के नाम सबसे ऊपर चल रहे थे। राजनीतिक पैनल, चौपालें और चाय की दुकानें इसी चर्चा से गर्म थीं कि मुकाबला इन्हीं दोनों के बीच है। विधायक समर्थित प्रत्याशी अनिल कुमार सोनी को कई लोग तीसरे नंबर का खिलाड़ी बता रहे थे। लेकिन जैसे ही मतगणना पूरी हुई, सारे अनुमान धुएं में उड़ गए। जिस प्रत्याशी को लोग दौड़ से बाहर मान रहे थे, वही जीत का ताज पहनकर सामने आया।

राजनीतिक जानकारों का कहना है कि यह केवल चुनावी जीत नहीं बल्कि रणनीति की जीत है। विधायक आशीष शर्मा ने जिन सीटों पर दांव लगाया, वहां आखिरी समय तक पूरी ताकत झोंक दी। गांव-गांव बैठकों, जनसंपर्क और कार्यकर्ताओं की मजबूत फौज ने ऐसा माहौल बनाया कि विरोधियों को संभलने का मौका ही नहीं मिला।

परिणाम आने के बाद कांग्रेस खेमे में मायूसी और भाजपा समर्थकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। कई स्थानों पर लोगों का कहना था कि इस बार चुनाव ने यह साबित कर दिया कि फील्ड रिपोर्ट, सर्वे और राजनीतिक चर्चाएं अपनी जगह हैं, लेकिन अंतिम फैसला जनता के हाथ में होता है।

जीत के बाद विधायक आशीष शर्मा ने कहा कि यह उनकी नहीं बल्कि जनता की जीत है। उन्होंने कहा कि जनता ने विकास, विश्वास और काम करने वालों का साथ दिया है।

वहीं राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि जिला परिषद चुनावों में मिली यह जीत आने वाले समय की बड़ी राजनीतिक तस्वीर का संकेत भी मानी जा रही है। हमीरपुर में फिलहाल एक ही सवाल गूंज रहा है—क्या यह सिर्फ जीत है या फिर सदर विधायक आशीष शर्मा के बढ़ते राजनीतिक प्रभाव की नई पटकथा?